सोमवार, 16 जून 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 32 |
| आर्द्रता | 88% |
| सूर्योदय: 4:52 | सूर्यास्त: 18:12 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई सुरक्षित और खुश रहे: गिल पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : हिसाब रखा करो आजकल लोग पूछते हैं कि तूने मेरे लिए किया ही क्या है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# केदारनाथ के पास हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से सात लोगों की मौत

## हादसे के बाद चार धाम यात्रा के लिए आर्यन एविएशन का परिचालन निलंबित



**देहरादून/रुद्रप्रयाग :** उत्तराखंड में केदारनाथ के पास रविवार को एक निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार छह श्रद्धालुओं समेत सात लोगों की मौत हो गयी। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि यह दुर्घटना गौरीकुंड के जंगलों के ऊपर हुई। इस दुर्घटना में मरने वालों में पायलट और एक शिशु भी शामिल है। उन्होंने बताया कि सुबह लगभग साढ़े पांच बजे 'आर्यन एविएशन' के हेलीकॉप्टर ने केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी और अचानक यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रजवार ने बताया कि माना जा रहा है कि खराब मौसम के कारण दृश्यता कम होने की वजह से यह हादसा हुआ। रुद्रप्रयाग के जिला पर्यटन विकास अधिकारी एवं हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि हेलीकॉप्टर से संपर्क टूटने पर उसकी खोजबीन शुरू की गयी जिसके बाद दुर्घटना का पता चला। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा प्रतिवादन बल, पुलिस सहित अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हैं। घटनास्थल का एक वीडियो स्थानीय लोगों को प्राप्त हुआ है जिसमें दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर से उठती आग की लपटें देखी जा सकती हैं। रुद्रप्रयाग जिले की पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान महाराष्ट्र निवासी राजकुमार सुरेश जायसवाल (41), उनकी पत्नी श्रद्धा जायसवाल (35) और बेटी काशी (दो), उत्तर प्रदेश निवासी विनोद देवी (66) तथा तुसथी सिंह (19) और केदारनाथ निवासी विक्रम एवं पायलट राजवीर सिंह चौहान के रूप में हुई है।

### पीएम मोदी ने सीएम धामी से फोन पर की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साइप्रस से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात कर केदारनाथ हेलिकॉप्टर दुर्घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री ने इस दुखद घटना में दिवंगत हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना और शोक व्यक्त किया। मृतकों के परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### उत्तराखंड में हुए हेलीकॉप्टर हादसे से व्यथित हूं: ममता बनर्जी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि वह उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के पास हुए हेलीकॉप्टर हादसे से व्यथित हैं। ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, उन्होंने लिखा, ''हम बचाव और खोज अभियान का परिणाम सामने आने का इंतजार कर रहे है। मेरी प्रार्थनाएं हेलीकॉप्टर में सवार प्रत्येक व्यक्ति के साथ हैं।''

### दिल्ली: सोनिया गांधी पेट संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट संबंधी समस्याओं के कारण रविवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि गांधी (78) को रात करीब नौ बजे 'गैस्ट्रोएंटरोलॉजी' विभाग में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि सोनिया की हालत स्थिर है और वह चिकित्सकों की एक टीम की निगरानी में हैं। कांग्रेस अध्यक्ष रह चुकीं सोनिया गांधी की नौ जून को सर गंगा राम अस्पताल में मेडिकल जांच हुई थी। जांच से दो दिन पहले उन्होंने उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एंव अस्पताल में कुछ परीक्षण करवाए थे।

# विमान दुर्घटना: डीएनए जांच से रूपाणी समेत 80 मृतकों की पहचान हुई

## 33 शव परिजनों को सौंपे गए



**अहमदाबाद :** अहमदाबाद में एअर इंडिया की उड़ान एआई–171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के तीन दिन बाद अस्पताल अधिकारियों ने डीएनए मिलान के माध्यम से 80 लोगों की शिनाख्त कर ली है, जिनमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी नाम भी शामिल है। दुर्घटना में 270 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 33 लोगों के शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। रूपाणी उन 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में शामिल थे जो लंदन के लिए रवाना एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई–171 में सवार थे। यह विमान बृहस्पतिवार को उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। गुजरात सरकार ने सोमवार को रूपाणी के लिए राजकीय शोक की घोषणा की है। राजकोट में शाम को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। अतिरिक्त सिविल अधीक्षक डॉक्टर रजनीश पटेल ने संवाददाताओं को बताया, ''डीएनए मिलान के माध्यम से अब तक कुल 80 मृतकों की पहचान की गई है। इनमें से 33 के शव उनके संबंधित परिवारों को सौंप दिए गए हैं।''

### 'कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर' मिला

गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून को एअर इंडिया की उड़ान एआई–171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने रविवार को पुष्टि की कि कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर बरामद कर लिया गया है, जिससे इस हादसे के पीछे संभावित कारण की पहचान करने में मदद मिलेगी।

# प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण के तहत साइप्रस पहुंचे



### प्रधानमंत्री मोदी ने व्यापार जगत के लोगों के साथ बैंठक में हिस्सा लिया

**निकोसिया :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर साइप्रस पहुंचे। इस यात्रा के दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे। विशेष गर्मजोशी प्रदर्शित करते हुए राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने प्रधानमंत्री मोदी का लार्नाका अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया। मोदी दो दशकों से अधिक समय में साइप्रस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''साइप्रस पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर मेरे स्वागत में विशेष गर्मजोशी प्रकट करने के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस को मेरा आभार। यह यात्रा भारत–साइप्रस संबंधों में विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी। मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण के तहत यहां पहुंचे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''साझा मूल्यों और आकांक्षाओं पर आधारित एक विश्वसनीय साझेदारी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस पहुंच चुके हैं। गर्मजोशी प्रकट करते हुए विशेष गहरे ऐतिहासिक संबंधों को दर्शाते हुए राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस और विदेश मंत्री कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस ने हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।'' उन्होंने कहा, ''द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए व्यापक चर्चा होगी।''

### ब्रिटिश एफ–35 विमान को सुरक्षा कारणों से आपात लैंडिंग की अनुमति दी गई : भारतीय वायुसेना



**नयी दिल्ली :** ब्रिटिश एफ–35 लड़ाकू विमान के शनिवार रात केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग के बीच भारतीय वायुसेना ने रविवार को कहा कि वह इस बारे में ''पूरी तरह से अवगत'' है और उड़ान सुरक्षा कारणों से विमान को लैंडिंग की सुविधा प्रदान की। सूत्रों के अनुसार, विमान ने किसी विमानवाहक पोत से उड़ान भरी थी, लेकिन ईंधन कम होने के कारण उसे आपात लैंडिंग करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि विमान रात करीब साढ़े नौ बजे सुरक्षित रूप से उतरा। भारतीय वायुसेना के प्रवक्ता ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, ''एफ–35 के मार्ग परिवर्तन की यह सामान्य घटना है। मामले से भारतीय वायुसेना पूरी तरह से अवगत है और उसने उड़ान सुरक्षा कारणों से विमान को उतारे जाने की सुविधा दी।''

# इजराइल और ईरान ने तीसरे दिन भी हमले किये, परमाणु वार्ता रद्द

**दुबई :** इजराइल ने रविवार को तीसरे दिन भी ईरान में हवाई हमले किए और इससे भी अधिक जोरदार हमले की धमकी दी। वहीं, ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलें दागना जारी रखा, जिसमें से कुछ (मिसाइलें) इजराइली वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देकर देश के मध्य इलाके में इमारतों पर गिरीं। इस बीच, ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में होने वाली परमाणु वार्ता रद्द कर दी गई। शुक्रवार को इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर अचानक की गई बमबारी में कई शीर्ष जनरलों और परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने के बाद क्षेत्र में एक लंबे संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है। ईरान ने कहा कि इजराइल ने उसकी दो तेल रिफाइनरी पर हमला किया है। ईरान की राजधानी तेहरान में अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे विस्फोट हुए। ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड से जुड़ी अर्द्ध–सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि एक हमला वली–ए–असर इलाके में हुआ और दूसरा हमला अन्य शहर में हुआ। दूसरी तरफ, शाम चार बजे के आसपास फिर से पूरे इजराइल में सायरन बजने लगे, जिससे चेतावनी मिली कि लड़ाई शुरू होने के बाद से ईरान का यह पहला दिन का हमला होगा।

## ईरान में इजराइली हमले में कम से कम 406 लोगों की मौत, 654 घायल : मानवाधिकार समूह

### इजराइली नागरिकों को निशाना बनाने की भारी कीमत चुकाएगा ईरान : नेतन्याहू




**यरुशलम :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को चेतावनी दी कि इजराइल में नागरिकों को निशाना बनाने की ईरान को ''बहुत भारी कीमत'' चुकानी होगी। नेतन्याहू ने यह टिप्पणी तेल अवीव के नजदीक बात याम शहर में सुबह–सुबह ईरानी मिसाइल हमले के स्थल का दौरा करते हुए की। इस हमले में कम से कम सात लोग मारे गए और कई दर्जन अन्य घायल हो गए हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा नेतन्याहू के हवाले से जारी बयान में कहा गया, ''ईरान को नागरिकों – महिलाओं, बच्चों – की हत्या के लिए बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, जिसे उसने जानबूझकर अंजाम दिया है। हम अपने उद्देश्यों को प्राप्त करेंगे, और हम उन पर पूरी ताकत से हमला करेंगे।''

### ट्रंप ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मारने की इजराइली योजना को वीटो किया

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मारने के संबंध में इजराइल द्वारा अमेरिका के समक्ष प्रस्तुत की गई योजना को वीटो कर दिया। एक अमेरिकी अधिकारी ने यह जानकारी दी। इजराइल ने हाल के दिनों में ट्रंप प्रशासन को सूचित किया कि उसने खामेनेई को मारने के लिए एक विश्वसनीय योजना बनाई है। नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि योजना के बारे में जानकारी मिलने के बाद 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) ने इजराइली अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया कि ट्रंप इजराइल द्वारा यह कदम उठाए जाने के खिलाफ हैं।

# पुणे जिले में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का पुल ढहा

## चार लोगों की मौत, 18 घायल



**पुणे :** महाराष्ट्र के पुणे के मावल तहसील में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का एक पुल रविवार अपराह्न ढह जाने से चार व्यक्तियों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गये। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि दो लोगों की बचाये जाने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो लोगों के शव पुल के ढह गए हिस्से के नीचे से बरामद किए गए। तलेगांव दाभाडे पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक प्रदीप रायनवार ने देर शाम कहा, ''पुल के ढहे हिस्से के नीचे से दो शव बरामद किए गए हैं, हमें संदेह है कि एक व्यक्ति वहां फंसा हुआ है। व्यक्ति का पता लगाने और उसे बचाने के प्रयास जारी हैं।'' एक अन्य अधिकारी ने बताया कि यह घटना अपराह्न 3:30 बजे कुंदमाला इलाके में हुई, जहां पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिससे नदी का बहाव तेज हो गया है। उन्होंने बताया कि जब पुल ढहा, तब बारिश नहीं हो रही थी और पिकनिक मनाने वाले कम से कम 100 लोग वहां मौजूद थे। जिला प्रशासन की ओर से जारी एक बयान में बताया गया, इस दुर्घटना में अब तक 38 लोगों को बचा लिया गया है, जिनमें से 18 गंभीर रूप से घायल हैं और उनका तीन अलग–अलग अस्पतालों में इलाज जारी है। इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि ऐसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए विशेष इकाई राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम, साथ ही अग्निशमन विभाग, पुलिस और स्थानीय बचाव संगठनों के कर्मी बचाव और राहत प्रयासों में शामिल हैं। महाराष्ट्र के आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन घटनास्थल पर बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे थे।

# उत्तर प्रदेश पुलिस के नव–नियुक्त सिपाहियों को एक आना–पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी: अमित शाह



अमित शाह और योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस के नव–नियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**लखनऊ :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर पुलिस के नव–नियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए रविवार को कहा कि भर्ती हुए इन कर्मियों को न तो ''एक आना–पाई की रिश्वत देनी पड़ी और न ही ये भर्तियां खर्ची, पर्ची और जाति के आधार पर हुई हैं। यहां डिफेंस एक्सपो मैदान में आयोजित समारोह में नव–नियुक्त 60,244 सिपाहियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शाह ने कहा, ''पहले के जमाने में कई प्रकार की भर्तियां हुई और इस प्रकार की रैली भी हुई, लेकिन इस बार संख्या सबसे ज्यादा है।'' उन्होंने कहा, ''मेरी दृष्टि से संख्या से ज्यादा एक बात महत्वपूर्ण है, मेरे सामने 60,244 युवा बैठे हैं और हिम्मत से कह रहा हूं कि किसी को एक आना–पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी है। यह पारदर्शिता के साथ भर्ती हुई है। न खर्ची, न पर्ची, न कोई सिफारिश, न जाति के आधार पर...48 लाख आवेदनों में आप सब अपनी योग्यता के आधार पर आए हैं और मैं मानता हूं कि इससे बड़ी उपलब्धि किसी भी शासन के लिए नहीं हो सकती है।'' शाह ने कहा, ''हम सबके लिए बड़ा अवसर है लेकिन मेरे सामने बैठे युवाओं का सबसे शुभ दिन है। 60 हजार से अधिक युवा हर जाति, समाज और हर जनपद का प्रतिनिधित्व करते हैं और आज भारत के सबसे बड़े पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे हैं। सभी को शुभकामनाएं।''

### हर नागरिक को तीन साल के अंदर न्याय दिलाने की होगी व्यवस्था : शाह

**लखनऊ :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सरकार अगले पांच साल में ऐसी व्यवस्था बनाने जा रही है जिससे हर नागरिक को प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के अंदर न्याय मिल सके। गृह मंत्री ने अपने संबोधन में कहा, ''भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, यह तीनों कानून.... मैं आज आप सबके सामने बोलकर जा रहा हूं कि पांच साल के अंदर देश में ऐसी व्यवस्था बन जाएगी कि कोई भी प्राथमिकी दर्ज हुई तो नागरिक को उच्चतम न्यायालय तक तीन साल के अंदर न्याय मिल जाएगा।''

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी–रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी–रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com




A Fresh Reason to Return...!

- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE



Four Square by Basu Hotel
PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA
For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545
For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241
THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

# अपने ही परिवार में प्रताड़ित है बुजुर्ग



बाल मुकुन्द ओझा

विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस हर साल 15 जून को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य बुजुर्ग के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित कर उन्हें जागरूक करना और इसे रोकने के प्रयास करना। बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्य्हार और अन्याय पर रोकथाम के लिए यह दिवस मनाने का निर्णय किया गया था। हमारे देश में बुजुर्गों को अपने ही घर में प्रताड़ित होने के समाचार निश्चय ही दिल दहलाने वाले है। आश्चर्य की बात तो यह है इन्हें प्रताड़ित करने वाले कोई दूसरे नहीं अपने ही है। इनमें लाखों बुजुर्गों ने अदालतों में अपने ही लोगों के खिलाफ न्याय की गुहार की है। ये बुजुर्ग अपनी बची खुची जिंदगी बिना - विघ्न बाधा परिवारजनों के साथ काटना चाहते है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक दुनिया में हर 6 में से 1 बुजुर्ग के



साथ दुर्व्यवहार होता है, जो सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है।

समाज के दो तिहाई से अधिक बुजुर्गों का कहना है कि वे घर में बच्चों समेत परिवार के सदस्यों के हाथों उत्पीड़न, अपमान और दुर्व्यवहार का सामना करते हैं। 'एजवेल फाउंडेशन' नामक एक गैर सरकारी संगठन ने 5 हजार बुर्जुगों पर किए गए सर्वेक्षण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है। रिपोर्ट के अनुसार जिन बुजुर्गों से बातचीत की गयी, उनमें दो तिहाई से अधिक ने कहा कि घर में परिवार के लोग, बच्चे, रिश्तेदार या अन्य उन्हें झिड़कते हैं, उनके साथ दुर्व्यवहार करते हैं या उनका अपमान करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार ज्यादातर बुजुर्गों (करीब 77 प्रतिशत) का कहना है कि उन्हें अपने मानवाधिकारों की जानकारी नहीं है तथा उनसे जब बुरा बर्ताव किया जाने लगता है तो वे उसका विरोध नहीं करते हैं और ऐसे में यह एक पैटर्न (चलन) बन जाता है। देश और दुनिया में बुजुर्गों के मान - सम्मान, सुख - सुविधा और सेहत सम्बन्धी सर्वे और अध्ययन लगातार होते रहते है। इनमें कुछ रिपोर्टें बेहद चौंकाने वाली होती है। एक अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में आगामी 2030 तक प्रत्येक 6 में से एक व्यक्ति की आयु 60 वर्ष से ज्यादा होंगी। हमारे देश की बात करें तो भारत की बुजुर्ग आबादी अगले दशक में 41 प्रतिशत तक बढ़ जाने का अनुमान है, यानी 2031 तक इस देश में 194 मिलियन वरिष्ठ नागरिक हो जाएंगे। यह जानकारी एक सरकारी रिपोर्ट में दी गई है। दुनिया के कुछ देश बुजुर्गों को एक ही छत के नीचे स्वास्थ्य सहित सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं सुलभ करा रहे है। मगर हमारे देश में बुजुर्गों को पेंशन की आंशिक सुविधा जरूर दी जा रही है मगर अन्य आवश्यक सुविधाओं की दृष्टि से हम बहुत पीछे है।

भारत में कभी बुजुर्गों की पूजा की जाती थी। बुजुर्ग घर की आन बान और शान थे। बिना बुजुर्ग को पूछे कोई भी शुभ काम नहीं किया जाता था। आज वही बुजुर्ग अपने असहाय होने की पीड़ा से गुजर रहा है। दुर्भाग्य से उसे यह मर्मान्तक पीड़ा देने वाले कोई और नहीं अपितु उनके परिजन ही है। बुजुर्गो का सम्मान करने और सेवा करने की हमारे समाज की समृद्ध परंपरा रही है। समाचार पत्रों में इन दिनों बुजुर्गों के सम्बन्ध में प्रकाशित होने वाले समाचार निश्चय ही दिल दहला देने वाले हैं। राम राज्य का सपना देखने वाला हमारा देश आज किस दिशा में जा रहा है, यह बेहत चिंतनीय है। भारत में बुजुर्गों का मान-सम्मान तेजी से घटा है। यह आज घर घर में बुजुर्ग है। ये इज्जत से जीना चाहते है। मगर यह कैसे संभव है यह विचारने की जरूरत है।

वृद्धावस्था जीवन का वह सच है जिसे आज नहीं तो कल सब को स्वीकारना होगा। एक दिन बुढापा आपको भी आएगा जिसके आगोश में हर किसी को आना है। जो लोग आज इस सच्चाई को स्वीकार नहीं रहे है उन्हें बुढ़ापा अपनी रंगत जरूर दिखायेगा। जिस समाज में बुजुर्गो का सम्मान न हो, उन्हें परायों से नहीं, अपनों से ही प्रताड़ना मिले, उस समाज को धिक्कार है। अब स्थिति यह हो गई है कि लाचार और बुजुर्ग ही क्यों, अच्छे-खासे, चलते-फिरते माता-पिता को भी बच्चे अपने साथ रखना नहीं चाहते। सामाजिक मूल्यों के अवमूल्यन के कारण बुजुर्गों का मान-सम्मान घटा है। आज भी ऐसे अनेक बुजुर्ग मिल जायेंगे जो अपनी संतान और परिवार की उपेक्षा व प्रताड़ना के शिकार हैं। बुजुर्गों की देखभाल और उनके सम्मान की बहाली के लिए समाज में चेतना जगाने की जरूरत है। सद्व्यवहार से हम इनका दिल जीत सकते हैं।

## आक्रामक इस्राइली कार्रवाई से भारी तबाही

सुनियोजित व ठोस खुफिया जानकारियों के साथ इस्राइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों व शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर बड़े सधे हमले किए हैं। ईरान के नतान्ज स्थित मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र को भी निशान बनाया गया। शुक्रवार की सुबह इस्राइल ने 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के जरिये वायु रक्षा प्रणाली व मिसाइलों को ध्वस्त करते हुए ईरान के हवाई क्षेत्र में सैकड़ों लड़ाकू जहाजों के जरिये भारी तबाही मचायी। इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद की बड़ी भूमिका वाले इस ऑपरेशन के जरिये न केवल ईरान की मिसाइल क्षमता को कमजोर किया बल्कि हवाई रक्षा प्रणाली को भी बेअसर किया। जिसके बाद इस्राइली एयरफोर्स ने ताबड़तोड़ हमलों से ईरानी वायुक्षमता को बेदम कर दिया। लंबी खुफिया तैयारी के साथ इस्राइल ने ईरान के भीतर विस्फोटक ड्रोन बेस स्थापित किए और शुक्रवार तड़के इन ड्रोन ने ईरान के सैन्य ठिकानों में तबाही मचा दी। जिससे ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस्राइल ने ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों, सैन्य अधिकारियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े वैज्ञानिकों व प्रमुख लोगों पर लंबी तैयारी के बाद सटीक हमले किए। कई बड़े अधिकारियों को उनके घरों में ही मार दिया गया। दरअसल, इस्राइल का मानना था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के करीब है। यहां तक कि परमाणु कार्यक्रम की निगरानी करने वाली संस्था आईएईए ने स्पष्ट शब्दों में ईरान पर परमाणु अप्रसार समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। हमले में सेना प्रमुख के अलावा ईरानी सेना की सबसे ताकतवर शाखा रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर हौसेन सलामी को भी मार डाला गया। हमले में न केवल यूरेनियम संवर्धन प्रतिष्ठान पर हमला किया गया, बल्कि कई परमाणु वैज्ञानिकों को भी मार दिया गया। ईरान ने इस्राइल पर नागरिक ठिकानों पर हमला करने के आरोप लगाए। उत्तर पूर्वी ईरान के अलावा नतांज परमाणु केंद्र पर भी धमाके सुने गए। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है।

वहीं दूसरी ओर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को चेताया है कि जब तक ईरान की ओर से खतरे की आशंका खत्म नहीं हो जाती, ये हमले आगे भी जारी रहेंगे। दरअसल, इस्राइल का मानना रहा है कि ईरान संवर्धित यूरेनियम से परमाणु हथियार बनाने के करीब है, जो उसके अस्तित्व के लिये चुनौती है। इस्राइल ने ईरान पर उसके क्षेत्र में सैकड़ों ड्रोन दागने के भी आरोप लगाये हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अमेरिका व इस्राइल को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। दूसरी ओर ईरान के सरकारी मीडिया ने इस्लामिक रिवॉल्यूश्नरी गार्ड्स कोर के कमांडर इन चीफ हौसैन सलामी सहित पांच शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत की बात स्वीकारी है। साथ ही दो महत्वपूर्ण परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। दरअसल, ईरान अमेरिका व इस्राइल के दावों को खारिज करते हुए कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये है। जबकि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की दलील है कि ईरान की बातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता। वह संवर्धित यूरेनियम से जुड़े प्रश्नों के तार्किक जवाब नहीं दे पाया है। कहा जा रहा है कि ईरान के गुप्त परमाणु ठिकानों का पता चलने के बाद उसके परमाणु कार्यक्रम की मंशा संदिग्ध बन गई है। उसने संवर्धित यूरेनियम भंडार के बारे में सटीक जानकारी भी नहीं दी। आईएईए की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि ईरान इतना यूरेनियम संवर्धित कर चुका है कि वह नौ परमाणु बना सकता है। हालांकि, अमेरिकी विदेश मंत्री इस हमले में अमेरिका की सीधी भूमिका होने से इनकार कर रहे हैं। लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये कहा है कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव को बार-बार खारिज किया है। बहरहाल, इस घटनाक्रम से मध्यपूर्व में इस्राइल-ईरान के बीच सीधे युद्ध की आशंका बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि इस्राइल और हमास, हिजबुल्ला व हूती विद्रोहियों के बीच पहले से जारी संघर्ष से संवेदनशील बने इलाके में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

# इजरायल का ईरान पर हमला

## परमाणु हथियार नियंत्रण के लिए युद्ध



प्रमोद भार्गव

इजरायल और ईरान के बीच युद्ध आरंभ हो गया है। इजरायल ने ईरान के विरुद्ध बड़ा सैन्य अभियान चलाया है। इसे 'ऑपरेषन राइजिंग लॉयन' नाम दिया गया है। यानी इजरायल एक ऐसा युद्ध करता हुआ देष है, जो ईरान की ओर षेर की मस्तानी चाल से बढ़ रहा है। नेताजी सुभाशचंद्र बोस ने जब आजाद हिंद फौज की कमान संभाली थी, तब उन्होंने अपने झंडे पर छलांग लगाते षेर को प्रतीक बनाया था। बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेष जारी कर इस आक्रमण की पुश्टि करते हुए कहा है, 'जब तक इजरायल के अस्तित्व पर खतरे बने रहेंगे, ईरान पर हमले जारी रहेंगे। साथ ही यह कोई सीमित कार्यवाही नहीं है, बल्कि एक व्यापक और लंबा चलने वाला रणनीतिक अभियान है।' इजरायल ने षुक्रवार 13 जून 2025 को 200 लड़ाकू विमानों से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को निषाना बनाया। ये हमले 20 प्रमुख सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों के घरों पर भी किए गए। ईरान की राजधानी तेहरान में 78 लोग मारे गए। सामरिक ठिकानों पर ये हमले संभावित खतरों को टालने के नजरिए से किए गए। इजरायल की सर्तकता यह रही कि उसने अपने खुफिया संगठन 'मोसाद' के जरिये ईरान के गुप्त ठिकानों पर पहुंचकर कम ऊंचाई वाले ड्रोन छोड़े और ईरान की सुरक्षा प्रणाली एवं मिसाइल प्रक्षेपण प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद इजरायली विमानों को ईरान का खुला आसमान मिल गया। ईरान ने 100 ड्रोन से जवाबी हमला किया भी लेकिन ये सभी ड्रोन इजरायली डिफेंस सिस्टम ने इजरायल की सीमा लांघने से पहले ही नेस्तनाबूद कर दिए। इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, आज 61वां दिन था। फलतः इजरायल ने



ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं, वह इस अवसर का लाभ उठाए। क्योंकि इजरायल का दूसरा हमला कहीं ज्यादा आक्रामक और भयावह होगा। साफ है, ट्रंप की सहमति के बाद ही ईरान ने यह हमला किया है। दरअसल ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए ये हमला किया गया। इसीलिए इस हमले को नेतन्याहू ने न्यायसंगत ठहराते हुए कहा है कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए संकट बन रहा है। क्योंकि यह एक हकीकत है कि ईरान ने बड़े पैमाने पर यूरेनियम संवर्धन प्रक्रिया षुरू कर दी है। यह ऐसी प्रक्रिया हैं, जो परमाणु हथियार बनाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाती है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत यूरेनियम-235 के निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जाता है। अतएव इजरायल के लिए ईरान का परमाणु हथियार संपन्न देष हो जाना चिंता की स्थिति उत्पन्न करने वाली बात है। दरअसल, परमाणु हथियार संपन्न देष होना एक ऐसी सैन्य रणनीति हैं, जिसके चलते दूसरे देष परमाणु संपन्न देष पर हमला करने से बचते हैं। इसका बुनियादी कारण है कि यदि कोई देष षत्रु देष पर परमाणु हमला करता है तो जवाबी कार्यवाही में उसे भी परमाणु हमले का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा होता है तो देनों देषों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। रूस ने यूक्रेन पर आसानी से इसलिए हमला बोल दिया था, क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार नहीं है। रूस और अमेरिका के बहकावे में आकर उसने अपने परमाणु हथियार, परमाणु निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद समुद्र में नश्ट कर दिए थे। इसका खामियाजा उसे आज उठाना पड़ रहा है। ईरान परमाणु संपन्न देष न बन जाए, इसलिए उस पर अमेरिका ने लंबे समय से परमाणु संबंधी प्रतिबंध लगाए हुए थे। परंतु बराक ओबामा के कार्यकाल में अमेरिका और ईरान के बीच एक परमाणु समझौता हुआ और ईरान से परमाणु प्रतिबंध समाप्त कर दिए गए थे। तब भी इजरायल ने इस समझौते का खुला विरोध किया था। नेतन्याहू ने यहां तक कहा था कि यह संधि एक ऐतिहासिक भूल है। किंतु उस समय इस संधि को ओबामा की बड़ी उपलब्धि बताया गया था।

ईरान और इजरायल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देषों ने लंबे समय तक छदम् युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजरायल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजरायल पर सीधा हमला बोला था। क्योंकि इस लड़ाई में ईरान समर्थित इस्लामिक रिवॉल्यूषनरी गार्ड के ब्रिग्रेडियर जर्नल मोहम्मद रजा जाहेदी समेत 8 अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इस हमले के जवाब में अप्रत्याषित रुख अपनाते हुए लगभग 320 द्रोण और क्रूज मिसाइलों से हमला किया था।। ईरान इजराइल से करीब 1800 किमी की दूरी पर स्थित होने के बावजूद हमला करने में सफल रहा। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद इजरायल से लंबी दुष्मनी के चलते पहली बार यह सैन्य हमला इसलिए किया था। इस लड़ाई में इजरायल को अमेरिका ने खुली सामरिक मदद की थी। उस संदर्भ में ईरान ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा था कि उसने यदि अब इजरायल की मदद की तो नतीजा भुगतने को तैयार रहे। ईरान ने यह पलटवार इसलिए भी किया था, जिससे मध्य-पूर्व की राजनीति में उसके वर्चस्व की महिमा को स्वीकार लिया जाए। यदि वह जवाबी हमला नहीं बोलता तो इजरायल और अमेरिका के खिलाफ उसकी जो धारणा है, वह ध्वस्त हो जाएगी। दरअसल ईरान इजरायल के अस्तित्व को ही स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि इजरायल ने मुस्लिमों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। हालांकि हमले के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखकर मामले को यहीं समाप्त करने की गुहार भी लगाई थी। बावजूद ईरान ने चेतावनी दी थी कि यदि इजरायल ने जवाबी कार्यवाही की तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। हालांकि इस परिप्रेक्ष्य में यह विरोधाभास भी देखने में आया था कि ईरान ने अमेरिका को इजरायल पर सीमित और नियंत्रित हमला करने की जानकारी पहले ही दे दी थी। ईरान के विदेश मंत्री ने ही इस आशय का बयान दिया था। वाकई यह बयान सच था तो यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं है कि अमेरिका दुतरफा कुटिल चालें हमेशा ही चलता रहा है। चूंकि अमेरिका ब्रिटेन और फ्रांस को ईरान द्वारा इजरायल पर किए जाने वाले हमले की जानकारी थी, इसलिए इन मित्र देशों ने द्रोण और मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट करने में इजरायल का सहयोग भी किया था ? इस मानसिकता को क्या माना जाए यह सोचने की बात है ? इस परिप्रेक्ष्य में युद्ध विष्लेशकों ने यह अनुमान लगाया था कि इजरायल और हमास युद्ध तो अभी खत्म होने वाला नहीं है, लेकिन ईरान-इजरायल का संघर्श और बढ़ेगा ? इस हमले के करीब 2 साल बाद यही स्थिति प्रत्यक्ष देखने में आ गई है। रूस भले ही इस समय यूक्रेन से ही युद्ध में उलझा हुआ है, बावजूद रूस ने ईरान के रणनीतिक भागीदार के रूप में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईरान पर इजरायल का यह हमला उकसावे को बढ़ावा देने वाला है। हालांकि रूस ने यह भी कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते के लिए जो वर्ता चल रही है, वह उसमें सहयोगा करेगा।

इस युद्ध को लेकर भारत दुविधा में है। क्योंकि पाकिस्तान के विरुद्ध भारत ने जब ऑपरेषन सिंदूर चलाया था तब इजरायल उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा था। इजरायल भारत का रक्षा साझेदार भी है। दूसरी तरफ ईरान से भारत के ऐतिहासिक संबंध है। ईरान ने कई अवसरों पर इस्लामिक देषों के संगठन के मंच पर भारत की मदद की है। इसलिए भारत किसी को भी छोड़ना नहीं चाहता। इसलिए भारत ने दोनों देषों के बीच कूटनीति व षांति बरतने की अपील की है। बहरहाल इस युद्ध के साथ बड़ी आषंका यह जुड़ गई है कि यह युद्ध तीसरे विष्व युद्ध की ओर न बढ़ जाए।

**राज्यों की खबरें**

### हैदराबाद जाने वाली लुफ्थांसा की उड़ान फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे पर वापस लौटी

**हैदराबाद/लंदन :** हैदराबाद आ रही लुफ्थांसा विमानन कंपनी की उड़ान को भारत में उतरने की अनुमति नहीं मिलने के कारण रविवार शाम जर्मनी के फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे पर वापस लौटना पड़ा। उड़ान संख्या एलएच752 रविवार को स्थानीय समयानुसार अपराह्न दो बजकर 14 मिनट पर जर्मनी से रवाना हुई थी और इसे सोमवार तड़के हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना था, लेकिन उड़ान की ट्रैकिंग जानकारी से पता चला कि उड़ान के कुछ घंटे बाद ही इसका मार्ग परिवर्तित हो गया। विमान में सवार एक यात्री ने फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे से 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उन्हें रातभर ठहरने की व्यवस्था दी गई है क्योंकि उनकी उड़ान सोमवार सुबह के लिए पुनर्निर्धारित की गई है। अमेरिका से हैदराबाद अपनी मां से मिलने जा रही एक महिला यात्री ने कहा, हम लगभग 15 मिनट पहले ही फ्रैंकफर्ट वापस उतरे हैं और हमें केवल यही बताया गया है कि हैदराबाद में इस उड़ान को उतरने की अनुमति नहीं दी है।

### तकनीकी खराबी के कारण ब्रिटिश एयरवेज की चेन्नई फ्लाइट को बीच उड़ान से ही लंदन वापस लौटाया गया

**मुंबई :** चेन्नई जाने वाला ब्रिटिश एयरवेज का बोइंग ड्रीमलाइनर विमान रविवार को तकनीकी खराबी के कारण बीच उड़ान से ही वापस लंदन लौट गया। ब्रिटिश एयरवेज ने एक बयान में कहा कि विमान सुरक्षित रूप से उतरा और चालक दल के सदस्य तथा यात्री सामान्य तरीके से विमान से उतर गए। यह घटनाक्रम अहमदाबाद में एअर इंडिया के बोइंग ड्रीमलाइनर विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कुछ दिन बाद हुआ है। हालांकि, एयरलाइन ने विमान के प्रस्थान समय, उसमें सवार यात्रियों तथा चालक दल के सदस्यों की संख्या तथा विमान के लंदन लौटने से पहले हवा में उड़ान भरने के समय के बार में तथा अन्य जानकारियां साझा नहीं कीं। ब्रिटिश एयरवेज ने कहा, "तकनीकी समस्या की रिपोर्ट के बाद विमान को मानक एहतियात के तौर पर हीथ्रो वापस लाया गया।" हालांकि, लाइव फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम के अनुसार ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट बीए35 को स्थानीय समयानुसार दोपहर 1240 बजे लंदन से रवाना होना था और उसे तड़के 3.30 बजे चेन्नई पहुंचना था। फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम के आंकड़ों के अनुसार, बोइंग 787-8 के साथ संचालित उड़ान बीए35 हीथ्रो लौटने से पहले लगभग दो घंटे तक हवा में रही। इस बीच, फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आ रहा लुफ्थांसा विमान वापस अपने बेस पर लौट गया। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। हालांकि, इस उड़ान के रद्द हो जाने के कारणों का तत्काल पता नहीं चल पाया है। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान यातायात नियंत्रण कक्ष (एटीसी) को एक संदेश मिला कि विमान जर्मनी से उड़ान भरने के कुछ समय बाद फ्रैंकफर्ट लौट रहा है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 16 जून, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ कृष्णपक्ष पंचमी, 15:28 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 25:03 तक, योग : वैधृति, 10:55 तक, सूर्योदय: 4:5, सूर्यास्त: 18:12, चन्द्रोदय : 22:27, चन्द्रास्त: 09:09, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 06:36 से 08:16

## राशिफल

**मेष :** आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें।

**वृष :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**मिथुन :** पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

**कर्क :** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**सिंह :** निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**कन्या :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**तुला :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृश्चिक :** विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**धनु :** अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मकर :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें।

**कुम्भ :** हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**मीन :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंग।

## वर्ग पहेली नं. 3124



**ऊपर से नीचे:-** 1) खौलना, 2) अप्सरा, 3) नगर, 4) सहयात्री, 5) रहम, 8) आभूषणकार, 10) एक नदी, 12) नाव चलाने का बल्ला, 13) दुर्व्यवहार, 15) उपस्थित, 16) बदतमीज़, 17) पुत्र, 19) ख़राब; बुरा, 21) बादल; मेघ, 23) मित्र.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

**बायें से दायें:-** 1) नसीहत, 5) बघार, 6) अपराधमुक्त, 7) भ्रष्टाचारी; कृतघ्न, 8) देवता, 9) एक नमकीन पकवान, 11) मापना, 13) साधु का चोंगा, 14) सजीला, 15) फैलाव, 16) दुहागन, 17) आद्योपांत; सविस्तार, 18) एक संख्या, 20) पच्चीस वर्षीय *(समारोह)*, 22) मेहरबानी, 24) प्रतिष्ठित; वयस्क, 25) पहुँच, 26) घूँघट.

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3081

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 5 | | | 3 |
| 6 | | | 8 | | 9 | 7 | | |
| | 1 | | | | 6 | | | |
| 8 | 6 | | | | 7 | | 5 | 1 |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| | | 7 | | | | | | |
| | 3 | | | 2 | | | | |
| | 9 | | | | | | | 4 |
| | | 6 | | | 1 | | 3 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की, पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सुडोकू पहेली - 3080 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 4 | 1 |
| 4 | 7 | 3 | 1 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 1 | 8 | 9 | 5 | 4 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 |
| 5 | 1 | 7 | 2 | 4 | 9 | 6 | 8 | 3 |
| 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 | 5 |
| 7 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 9 |
| 9 | 3 | 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 2 | 6 |

# एअर इंडिया एक्सप्रेस की गुवाहाटी-कोलकाता उड़ान में तकनीकी खामी, 18 घंटे की हुई देरी

**गुवाहाटी/कोलकाता :** गुवाहाटी से कोलकाता जाने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान में सवार यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, क्योंकि 'तकनीकी खराबी' के कारण उन्हें दो बार विमान से उतार दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आखिरकार 18 घंटे से अधिक समय की देरी के बाद रविवार दोपहर को यात्रियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों ने बताया कि एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-1226 कुल 170 यात्रियों को लेकर शनिवार रात 9.20 बजे गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ



बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय (एलजीबीआई) हवाई अड्डे से रवाना होने वाली थी। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में एक पीड़ित यात्री ने कहा कि तकनीकी खराबी के कारण आधी रात के बाद उड़ान में देरी हुई और यात्री पूरे समय विमान के अंदर ही बैठे रहे। सोशल मीडिया पर उड़ान में देरी के कई ऐसे वीडियो प्रसारित हो रहे हैं, जिनमें आरोप लगाया गया है कि उड़ान में देरी के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। हालांकि, स्वतंत्र रूप से वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं कर सका। एक वीडियो में एक यात्री कहता हुआ सुनाई दे रहा है, 'रात करीब 1:30 बजे हमें विमान से उतरने के लिए कहा गया और लाउंज में ले जाया गया। वहां से हमें रात में ठहरने के लिए एक बहुत सस्ते होटल में ले जाया गया। होटल में सुबह हमें नाश्ता नहीं दिया गया।' यात्रियों को रविवार की सुबह वापस हवाई अड्डे पर लाया गया और सुबह 9:30 बजे उसी विमान में बैठाया गया। हालांकि, उन्हें फिर से कप्तान और चालक दल द्वारा सूचित किया गया कि उसी तकनीकी समस्या के कारण उड़ान में और देरी हो रही है। कुछ समय बाद यात्रियों को फिर से विमान से उतार दिया गया और स्थानीय एअर इंडिया एक्सप्रेस अधिकारियों ने बताया कि एक दूसरा विमान उन्हें कोलकाता ले जाएगा। अंततः यात्रियों को अपराह्न 3:34 बजे गुवाहाटी से एक अलग विमान से रवाना किया गया। कुल 170 यात्रियों में से कुछ ने एअर इंडिया एक्सप्रेस की पेशकश के अनुसार, दूसरी विमानन कंपनियों का विकल्प चुना। एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि गुवाहाटी-कोलकाता मार्ग पर शाम की उड़ान में तकनीकी समस्या आ गई थी। उन्होंने कहा, 'अगले दिन एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई, जिसके परिणामस्वरूप देरी हुई। यात्रियों को होटल में ठहराने, निःशुल्क यात्रा समय के पुनर्निर्धारण या पूर्ण धन-वापसी के साथ रद्दीकरण के विकल्प दिये गए थे।' विमानन कंपनी के एक अधिकारी ने यात्रियों द्वारा 'सस्ते होटल' में ठहराने के संबंध में लगाए गए आरोप को खारिज करते हुए कहा कि यात्रियों को सर्वोत्तम उपलब्ध होटल की पेशकश की गई थी और एअर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मी भी उसी होटल में ठहरे थे।

## भाजपा कार्यालय पर पुलिस की छापेमारी जघन्य अपराध : सुकांत

❑ **शुभेंदु ने बंगाल पुलिस को कमजोर और पक्षपातपूर्ण कहा**

**कोलकाता :** केंद्रीय शिक्षा और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने बंगाल के बांकुड़ा जिले में भाजपा कार्यालय पर कथित पुलिस छापेमारी की निंदा करते हुए इसे जघन्य अपराध बताया है। राज्य पुलिस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी के आरोपों को दो-हराते हुए मजूमदार ने कहा कि हम अदालत जा रहे हैं और उस अधिकारी के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराएंगे।

सुकांत ने आरोप लगाया कि आधी रात को उन्होंने भाजपा कार्यालय पर छापा मारा और ताला तोड़ दिया। यह अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा दुनिया की



सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है और हम इसके खिलाफ कानूनी और राजनीतिक दोनों तरह से लड़ेंगे। विवाद तब शुरू हुआ जब एक्स पर कथित छापेमारी का एक वीडियो साझा करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने बंगाल पुलिस को कमजोर और पक्षपातपूर्ण कहा। शुभेंदु राज्य पुलिस पर बांकुड़ा भाजपा के पार्टी कार्यालय में चोरों की तरह घुसने और अंधेरे की आड़ में गेट तोडक़र अंदर घुसने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

## पश्चिम बंगाल में बीएसएफ के जवान ने अपने वरिष्ठ की गोली मारकर हत्या की

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में एक शिविर में बहस के बाद बीएसएफ के एक जवान ने अपने वरिष्ठ की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या की दी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। घटना जिले के धुलियान में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के शिविर में शनिवार रात करीब 10:30 बजे हुई। कांस्टेबल शिवम कुमार मिश्रा ने तीखी बहस के बाद अपने वरिष्ठ हेड कांस्टेबल रतन सिंह शेखावत की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी कांस्टेबल को पकड़ लिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों जवान बीएसएफ की एक इकाई में तैनात थे, जिसे मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई सांप्रदायिक झड़पों के बाद इलाके में तैनात किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि बीएसएफ ने 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' का आदेश दिया है और घटना के सटीक कारण पता लगाए जा रहे हैं। 56 वर्षीय शेखावत 1989 में बीएसएफ में शामिल हुए थे और बल की 119 बटालियन में तैनात थे।

## दुमदम बार में मैनेजर को गोली मारने के मामले में मुख्य आरोपी बिट्टू दास हुगली के गुड़ाप से गिरफ्तार

**कोलकाता :** शुक्रवार रात दमदम के माठपुकुर इलाके की एक बार में हुए गोलीकांड के मुख्य आरोपी बिट्टू दास को पुलिस ने हुगली के गुड़ाप से गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पुलिस ने इस मामले में दो अन्य आरोपियों-गोपाल विश्वास और सुजीत डे को भी गिरफ्तार किया था।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात बिट्टू दास अपने दो साथियों के साथ शराब पीने के लिए उस बार में गया था। वहीं पर बार के मैनेजर पिंटू रुद्र के साथ उनका विवाद हुआ। कहा जा रहा है कि विवाद के बाद तीनों बार से बाहर निकल गए, लेकिन देर रात जब पिंटू रुद्र घर लौट रहे थे, तभी उन पर गोली चला दी गई।

गोली उनके पेट के बाएं हिस्से



में लगी। उन्हें तुरंत आर.जी.कर अस्पताल ले जाया गया, फिर वहां से बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया, जहां उनका ऑपरेशन किया गया। अभी भी उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना की जांच में जुटी दमदम थाने की पुलिस ने शनिवार को पहले गोपाल विश्वास और सुजीत डे को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया और उन्हीं की जानकारी के आधार पर पुलिस बिट्टू दास तक पहुंच सकी। शनिवार रात उसे हुगली जिले के गुड़ाप इलाके से पकड़ा गया।

पुलिस ने बताया कि बिट्टू को ट्रांजिट रिमांड पर दमदम लाया जाएगा। वहीं रविवार को अन्य दो आरोपियों को बारासात कोर्ट में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें छह दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया है।

पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि घटना में और कोई शामिल था या नहीं, और आरोपियों के पास हथियार कैसे पहुंचे। इस वारदात से इलाके में भारी तनाव फैल गया है।

# सल्टलेक में तीन दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे योग्य शिक्षक बीमार

❑ **एक को आर.जी. कर अस्प-ताल में भर्ती कराया गया**

**कोलकाता :** 2016 की एसएससी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में योग्य घोषित होने के बावजूद नियुक्ति से वंचित शिक्षकों के समूह द्वारा जारी भूख हड़ताल के तीसरे दिन एक शिक्षक की तबीयत बिगड़ गई। रविवार सुबह सल्टलेक स्थित आंदोलन स्थल से शिक्षक बलराम विश्वास को गंभीर अवस्था में आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें तुरंत भर्ती कर लिया गया है।

बलराम विश्वास, उन 10 प्रतिनिधियों में शामिल हैं जो 'योग्य लेकिन नियुक्त नहीं हुए' शिक्षकों की ओर से गुरुवार से भूख हड़ताल पर



बैठे हैं। यह आंदोलन बिकाश भवन के सामने चल रहा है। शनिवार रात हड़तालियों की स्वास्थ्य जांच की गई थी, जिसमें डॉक्टरों ने उन्हें अनशन समाप्त करने की सलाह दी, लेकिन आंदोलनकारी अपनी मांगों पर अडिग हैं।

प्रदर्शनकारी शिक्षक एसएससी पैनल की रद्दीकरण और नई परीक्षा की अधिसूचना के खिलाफ विरोध दर्ज कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार वर्ष 2016 की शिक्षक और गैर-शिक्षक नियुक्ति की पूरी सूची रद्द कर दी गई थी। कोर्ट ने एसएससी, सीबीआई और पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग से प्राप्त तथ्यों के आधार पर यह निर्णय लिया। कोर्ट ने नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने के आदेश भी दिए हैं।

हालांकि, 'योग्य' लेकिन नियुक्ति से वंचित अभ्यर्थी इस फैसले का विरोध कर रहे हैं और दोबारा परीक्षा देने से इनकार कर चुके हैं। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में फैसले की पुनर्विचार याचिका भी दायर की है, जो अब विचाराधीन है।

आंदोलनकारी शिक्षकों ने आज शाम प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करने की घोषणा की है, जिसमें वे अपनी अगली रणनीति की घोषणा कर सकते हैं। इस बीच, एक शिक्षक की बिगड़ती हालत से आंदोलन स्थल पर चिंता का माहौल है।

**CHANGE OF NAME**

I, **Shivam Singh** son of No. 8036435L, Rank-Hav, Name-Rama Shankar Kumar permanent resident at Vill.- Musepur, P.S.-Khizersarai, Dist.-Gaya, Bihar, Pin- 824233. do hereby declare that I changed my name from Shahil Singh to Shivam Singh and Date of Birth 20.04.2006 Vide affidavit No.2126 Before the Ld. Judicial Magistrate 1st Class at Calcutta dated 10.06.2025.

## रेप आरोपी के साथ पार्टी पर विवादों में आई माकपा नेत्री तनुश्री

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना जिले की सीपीएम कमेटी की सदस्य तनुश्री मंडल विवादों में है। कथित तौर पर उन्हें रेप के एक मामले के आरोपी के साथ बैठकर शराब पार्टी करते देखा गया है। उक्त मामला सामने आते ही जहां तृणमूल ने कड़ी निंदा की है, वहीं सीपीएम मौन है। सोशल मीडिया पर तस्वीर



वायरल हो रही है जिसमें सीपीएम नेता तनुश्री मंडल के सामने शराब का गिलास रखा है। उनके मुंह में सिगरेट दिख रहा है। वहीं उन्हें पास में बलात्कार के मामले के एक आरोपी के साथ एक ही जगह बैठकर 'पार्टी' करते देखा जा सकता है। तृणमूल नेता मृत्युंजय पाल ने सोशल मीडिया पर सीपीएम नेता की 'नशे की पार्टी' की तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने लिखा, विधानसभा में खाली लेकिन नशे में धुत। दक्षिण 24 परगना में सीपीएम नेता तनुश्री की 'नशे की पार्टी'। विधानसभा में एक भी सीट नहीं, लेकिन 100 में से 100 नशे में! तस्वीर में उनके बगल में बैठा युवा नेता अभिनंदन दत्तगुप्ता है, जो मध्य जादवपुर क्षेत्र समिति का सदस्य है और वर्तमान में बलात्कार जैसे गंभीर आरोपों में आरोपी है। फिर भी, आरोप है कि पार्टी द्वारा उसके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। तृणमूल नेता ने आगे दावा किया, तनुश्री और अभिनंदन को सुजन चक्रवर्ती का करीबी माना जाता था।

## गंभीर समस्या से जूझ रहे तमलुक से भाजपा सांसद अभिजीत गांगोपाध्याय, अभी भी आईसीयू में भर्ती

**कोलकाता :** तमलुक से भाजपा सांसद और पूर्व हाई कोर्ट जज अभिजीत गांगोपाध्याय की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। शनिवार रात अचानक पेट में तेज दर्द और उल्टी की शिकायत के बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें आईसीयू में रखने का फैसला लिया।



अस्पताल द्वारा रविवार को जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार, सांसद 'एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस' और 'गैस्ट्रोइंटेस्टिनल सेप्सिस' से पीड़ित हैं। उनकी हालत स्थिर बताई गई है, लेकिन वह अभी भी संकट से पूरी तरह बाहर नहीं हैं। उनके इलाज के लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है, जिसमें आंतरिक रोग विशेषज्ञ, क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, पल्मोनोलॉजिस्ट, एंडोक्रिनोलॉजिस्ट, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और जीआई सर्जन शामिल हैं। टीम लगातार उनकी जांच और निगरानी कर रही है।

बताया गया कि शनिवार रात उन्हें अचानक पेट में तेज दर्द हुआ और घर पर कई बार उल्टी की। तत्काल उन्हें अस्पताल ले जाया गया और परीक्षणों के बाद आईसीयू में शिफ्ट किया गया। उनके समर्थकों में उनकी तबीयत को लेकर चिंता का माहौल है।

गौरतलब है कि अभिजीत गांगोपाध्याय ने हाल ही में हाई कोर्ट के जज पद से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में तमलुक सीट से चुनाव लड़कर उन्होंने जीत हासिल की थी।

## रवींद्र सरोवर में डूबने से किशोर की मौत, पैरों में लिपटी काई बनी हादसे की वजह?

**कोलकाता :** दक्षिण कोलकाता के प्रसिद्ध रवींद्र सरोवर झील में तैरने के दौरान एक किशोर की डूबकर मौत हो गई। मृतक का नाम शिवनाथ साउ उर्फ शिवम (16) है। यह दर्दनाक हादसा रविवार सुबह तब हुआ जब वह अपने दो दोस्तों के साथ झील में तैरने गया था। बताया जा रहा है कि तैरते समय तीनों के पैरों में झील की घनी काई उलझ गई, जिससे वे डूबने लगे।

तीनों दोस्त बालीगंज प्लेस इलाके के निवासी थे। प्रत्यक्षदर्शियों और सुरक्षा गार्डों के मुताबिक, तीनों ने दावा किया था कि वे अच्छे तैराक हैं। वे सुबह झील में तैरने उतरे, जब कई अन्य लोग भी तैराकी और मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। तभी कुछ देर बाद देखा गया कि तीनों किशोर पानी में डूब रहे हैं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

झील में पहले से मौजूद अन्य तैराकों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। दो किशोरों को समय रहते बचा लिया गया, लेकिन शिवनाथ गहरे पानी में डूब गया। थोड़ी देर बाद उसे पानी से बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अनुमान है कि झील की काई तीनों के पैरों में लिपट गई थी, जिससे वे हिल-डुल नहीं सके और पानी में डूबने लगे। हालांकि, यह भी सवाल उठ रहा है कि तीनों की तैराकी क्षमता कितनी मजबूत थी।

घटना के बाद से मृतक के घर और पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच कर रही है। वहीं, रवींद्र सरोवर जैसी सार्वजनिक जगहों पर सुरक्षा मानकों को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**खुली ई-निविदा**

संख्या सीओएस/सीआरजे/पीयूबी/ई-टेंडर/19/0162, दिनांक: 10/06/2025। निम्नलिखित **ई-निविदाओं** को **www.ireps.gov.in** लिंक के अंतर्गत देखा जा सकता है। ऐसी ई-निविदा के प्रस्ताव केवल **www.ireps.gov.in →लॉगिन→ई-निविदा स्टोर/सप्लाई** लिंक पर जाकर इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत किए जा सकते हैं। विक्रेता विशेष निविदा या आईआरईपीएस से संबंधित जानकारी, यदि कोई हो, के संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित अधिकारियों से भी संपर्क कर सकते हैं, उप सीएमएम/मुख्यालय/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन, 9163340711 या एसएमएम/सीओएन/मुख्यालय, 0341-2535631। **कार्यालय का पता:** पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन का कार्यालय। **क्रम संख्या; निविदा सं.; मद का संक्षिप्त विवरण; मात्रा; बयाना राशि जमा (रुपये); निविदा बंद होने की तारीख एवं समय (भामास)** निम्नलिखित हैं: **[1]; 75254022ए;** डब्ल्यूएजी-9एचसी के लिए सम्पूर्ण सेंटर सिल, आरेख सं. 1209-02.126-012 अल्ट. 3 विनिर्देश सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/154 अल्ट. 2 के अनुसार। **[वारंटी अवधि:** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **336.00 सेट;** रु. 2000000.00; **04/07/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [2]; 75254033;** डब्ल्यूएजी-9एचसी लोको के लिए साइड वॉल असेम्बली, विनिर्देश सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/154 अल्ट. 2 के अनुसार (संलग्न विस्तृत सेट के अनुरूप)। **[वारंटी अवधि:** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **323.00 सेट;** रु. 2000000.00; **16/07/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [3]; 75254061;** विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/154, अल्ट.2 के अनुसार (संलग्न विस्तृत सेट के अनुरूप) डब्ल्यूएजी-9 एचसी के लिए बोलस्टर अस्ले.। **[वारंटी अवधि:** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **301.00 सेट;** रु. 2000000.00; **19/07/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [4]; 73251040बी;** डब्ल्यूएजी-9एचसी लोकोमोटिव के लिए हाई टेंसाइल ट्रांजिशन सीबी कपलर (शीर्ष संचालित) के साथ शीर्ष संचालन के लिए स्थापित दशा में टॉप लिफ्टिंग हूक, टॉप लिफ्टिंग असेम्बली एवं लिंक परंतु उच्च क्षमता ड्राफ्ट गीयर, स्ट्राइकर ब्लॉक एवं सस्पेंशन हूक के बगैर (टीआर स्क्रू कपलिंग के लिए)। आरडीएसओ आरेख सं.-एसके-डीएल-4809 अल्ट. शून्य अथवा नवीनतम मद सं. 1 से 8, 12 से 14, 35 से 40 एवं 42 के अनुसार। मद सं. 9 से 11, 15 से 34, 41, 43 से 45 को छोड़कर। [सीबीसी के लिए क्रय की जाने वाली इकाई एक लोको सेट है यानी निविदा के प्रत्येक सेट में श्रेणी सं. आर/9/0159 के अनुसार 02 (दो) संख्यक हाई टेंसाइल सीबीसी सम्मिलित है]। **[वारंटी अवधि:** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **1015.00 सेट;** रु. 2000000.00; **03/07/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे।**

PR4/084 पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन

हमें अनुसरण करें: www.facebook.com/clwrailways

## पश्चिम बंगाल के कुछ और हिस्सों में मानसून देगा दस्तक, भारी बारिश का पूर्वानुमान

**कोलकाता :** बंगाल की खाड़ी में आर्द्रता बढ़ने एवं पश्चिम बंगाल के कुछ और हिस्सों तक मानसून पहुंचने से अगले सप्ताह राज्य में भारी बारिश होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। आईएमडी की ओर से जारी बुलेटिन के मुताबिक, 17 जून को दक्षिण 24 परगना और पूर्व मेदिनीपुर के तटीय जिलों में मूसलाधार बारिश और 19 जून की सुबह तक क्षेत्र के अन्य जिलों में मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य की राजधानी कोलकाता में 17 और 18 जून को भारी बारिश होने की संभावना है। बुलेटिन के मुताबिक, उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी जिलों में भी मूसलाधार बारिश का पूर्वानुमान है जबकि कूचबिहार, उत्तर दिनाजपुर, दार्जिलिंग और कलिम्पोंग सहित कुछ



अन्य जिलों में मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। विभाग ने कहा कि 17 से 18 जून के बीच पश्चिम बंगाल-ओडिशा के तटों पर 35-45 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना है और अधिकतम गति 55 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। आईएमडी ने कहा कि मछुआरों को पश्चिम बंगाल-ओडिशा तटों के पास समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। मौसम कार्यालय के मुताबिक, सुबह साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटे के दौरान बंगाल की खाड़ी के सागर द्वीप पर सबसे अधिक 76.8 मिमी बारिश दर्ज की गई जबकि दार्जिलिंग की पहाड़ियों में इस अवधि के दौरान 36.2 मिमी बारिश हुई।

# केंद्रीय मंत्री के खिलाफ सिख व्यक्ति पर चप्पल फेंकने के आरोप में एफआइआर दर्ज

❑ **सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने किया दावा**

❑ **भाजपा ने कहा- यह पेपर कटिंग थी**

**कोलकाता :** केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार के खिलाफ कोलकाता के एक पुलिस स्टेशन में एफआइआर दर्ज की गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उन्होंने सिख व्यक्ति पर चप्पल फेंकी, जो उसकी पगड़ी पर लगी। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को यह दावा किया। भाजपा ने आरोप को खारिज करते हुए कहा कि यह केवल विरोध प्रदर्शन में इस्तेमाल की गई पेपर कटिंग थी।

दक्षिण कोलकाता के कालीघाट पुलिस स्टेशन में 13 जून को दर्ज की गई एफआइआर में दावा किया गया है कि 12 जून को मजूमदार, जो रा'य भाजपा प्रमुख भी हैं, ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास के पास हाजरा रोड और हरीश चटर्जी स्ट्रीट के चौराहे पर एक सार्वजनिक स्थान पर चप्पल फेंकी थी। एफआइआर जिसकी एक प्रति टीएमसी ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट की थी, में कहा गया है कि शिकायतकर्ता, एक सिख व्यक्ति ने आरोप लगाया कि यह मजूमदार की ओर से जानबूझकर किया गया कार्य था, जिससे धार्मिक विश्वास का अपमान हुआ और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची। जागरण ने टीएमसी के एक्स हैंडल पोस्ट पर पोस्ट की गई एफआइआर कापी की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की है। उक्त एफआइआर बीएनएस की धारा 302 (किसी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से की गई कार्रवाई से उसकी रक्षा करना) और 115(2) (स्वे'छा से चोट पहुंचाना) के तहत दर्ज की गई थी। टीएमसी ने दावा किया कि सिख समुदाय ने मजूमदार के खिलाफ उचित गुस्से के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की है। टीएमसी ने अपने एक्स हैंडल पोस्ट में कहा कि सिख समुदाय ने तत्काल और बिना शर्त माफी की मांग की है और अगर उनकी आवाज को नजरअंदाज किया गया तो व्यापक विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इधर आरोप को खारिज करते हुए भाजपा के रा'यसभा सदस्य शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि यह केवल विरोध प्रदर्शन में इस्तेमाल की गई एक पेपर कटिंग थी। उन्होंने कहा कि एक मनगढ़ंत कहानी बनाकर सिख लोगों का अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मजूमदार और हमारे जैसे लोगों को जो संस्कार मिले हैं, हम गुरु तेग बहादुर और गुरु गोविंद सिंह के बलिदानों के बारे में सीखते हुए बड़े हुए हैं। उन्होंने सिख समुदाय के लिए भाजपा नेताओं के सम्मान को दर्शाया। 12 जून को महेशतला जाते समय पुलिस ने मजूमदार और अन्य नेताओं को रोक लिया था, जिसके बाद उन्होंने कोलकाता के कालीघाट इलाके में मुख्यमंत्री के आवास के पास विरोध प्रदर्शन किया, जो हमेशा चप्पल पहनने के लिए मशहूर हैं।

# 2026 चुनाव के लिए बंगाल बीजेपी की तैयारी, मोदी को बुलाने की रणनीति तैयार

## एकजुटता की पहल, सुनील बंसल ने 26 विधायकों से की गुप्त बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** 2026 के लोकसभा चुनाव को लक्ष्य बनाकर पश्चिम बंगाल बीजेपी ने संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर काम तेज कर दिया है। पार्टी की योजना है कि जून और जुलाई के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य में बुलाया जाए, ताकि राज्य में चुनावी उत्साह को गति दी जा सके। इसी को लेकर कोलकाता में केंद्रीय पर्यवेक्षक सुनील बंसल के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, अमित मालवीय, मंगला पांडेय और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में संगठनात्मक ढांचे को दुरुस्त करने, जिला इकाइयों को सक्रिय बनाने और बूथ स्तर पर मजबूती लाने जैसे



मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, अब भी कई जिलों में जिला अध्यक्ष नियुक्त नहीं किए गए हैं, जिसे जून-जुलाई के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। पार्टी का मानना है कि मजबूत जमीनी नेटवर्क के जरिए 2026 में बंगाल में बेहतर प्रदर्शन संभव है।

इसी बीच, 'पश्चिम बंगाल दिवस' को लेकर भी राज्य की राजनीति गर्मा गई है। बीजेपी हर साल 20 जून को इस दिन को श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति में मनाती है, और इस वर्ष भी बड़े आयोजन की तैयारी चल रही है। पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया है, हालांकि अभी तक उनकी ओर से स्वीकृति नहीं मिली है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 2023 में 20 जून को 'पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस' के रूप में मान्यता दी थी। वहीं, ममता बनर्जी की सरकार ने 'पहला बैशाख' यानी बंगाली नववर्ष को 'राज्य दिवस' घोषित कर रखा है, जिसे 'बांग्ला दिवस' कहा जाता है। इस मुद्दे को लेकर तृणमूल कांग्रेस और बीजेपी के बीच लगातार राजनीतिक टकराव बना हुआ है। 2023 में जब राजभवन में 'पश्चिम बंगाल दिवस' मनाया गया था, तब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस को फोन कर आपत्ति जताई थी। तृणमूल नेता कुणाल घोष ने इस मुद्दे पर कहा कि इन आयोजनों का कोई खास महत्व नहीं है, बंगाल का असली दिन पहला बैशाख है। इसी दौरान राज्य की राजनीति में एक और घटनाक्रम ने हलचल मचा दी। उत्तर 24 परगना जिले के डूमा फिशरमेन को-ऑपरेटिव सोसाइटी के चुनाव में बीजेपी ने तृणमूल समर्थित उम्मीदवारों को हरा कर जीत दर्ज की। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बंगाल बीजेपी केवल चुनावी तैयारी ही नहीं कर रही, बल्कि भावनात्मक और सांस्कृतिक मुद्दों को केंद्र में रखकर जनभावना को साधने की कोशिश भी कर रही है। पार्टी 2026 के महासंग्राम से पहले हर मोर्चे पर खुद को तैयार कर रही है।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ PROPERTY ▪ RECRUITMENT
▪ EDUCATION ▪ NAME CHANGE ▪ PUBLIC NOTICE
▪ OBITUARY ▪ REMEMBRANCE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# सुप्रीम कोर्ट से जीत के बावजूद तबादला आदेश वापस, शिक्षकों में बढ़ी चिंता

**कोलकाता :** राज्य सरकार द्वारा 'जनहित में प्रशासनिक तबादला' नीति के तहत जिन शिक्षकों को अधिक छात्रों वाले स्कूलों में स्थानांतरित किया गया था, अब उन्हीं तबादलों को अचानक वापस लेने के फैसले ने शिक्षकों के बीच भारी असमंजस और चिंता पैदा कर दी है। दरअसल, राज्य के शिक्षा विभाग ने 14 मार्च 2018 को एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें जहां छात्रों की तुलना में शिक्षक अधिक हैं, वहां से शिक्षकों को ऐसे स्कूलों में भेजने का प्रावधान था, जहां छात्र संख्या ज्यादा लेकिन शिक्षक कम हैं। इस नियम के आधार पर 10 फरवरी 2023 को 604 शिक्षकों का तबादला किया गया था।



इस आदेश के खिलाफ मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया, लेकिन 26 सितंबर 2023 को सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के निर्णय को सही ठहराते हुए स्पष्ट किया कि नियुक्तिकर्ता को जनहित में कर्मचारियों का तबादला करने का अधिकार है। फिर भी, अब शिक्षा विभाग ने अचानक इन तबादलों को वापस लेने का निर्देश दिया है। स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी), माध्यमिक शिक्षा परिषद और स्कूल शिक्षा निदेशालय अब इन शिक्षकों को उनके पुराने स्कूलों में वापस भेजने की प्रक्रिया में लग गए हैं।

शिक्षा जगत में यह सवाल उठ रहा है कि जब सरकार एसएससी नियुक्ति घोटाले और डीए केस जैसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट में हार के बाद संशोधन याचिका दाखिल करती है, तब एक ऐसा मामला जिसमें उसे न्यायालय से जीत मिली है, वहां अचानक यू-टर्न क्यों?

विकास भवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, ग्रामीण और दूर-दराज़ के स्कूलों में विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की भारी कमी है। तबादला प्रक्रिया में जल्दबाज़ी के चलते कई बार गलत सिफारिशें की गईं, जिससे जनहित के विपरीत परिणाम सामने आए। कई शिक्षक जिन्होंने पहले ही दो साल से नए स्कूलों में पढ़ाना शुरू कर दिया था, अब पुराने स्कूलों में लौटने को लेकर परेशान हैं। दक्षिण कोलकाता से दक्षिण 24 परगना के बजबज इलाके में स्थानांतरित एक शिक्षक ने कहा, जहां हम अभी हैं, वहां छात्र अधिक हैं और पढ़ाकर संतोष मिलता है। पुराने स्कूल में अगर हम लौटते हैं तो फिर से अधिशेष घोषित किए जाने और फिर दोबारा तबादले का डर बना रहेगा। उत्तर 24 परगना के एक शिक्षक, जिनका तबादला नदिया जिले में हुआ था, ने भी लौटने से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने नई जगह खुद को ढाल लिया है और वापस जाना व्यावहारिक नहीं है। कोलकाता के कई स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का कहना है कि पहले ही स्कूलों में कई विषयों के शिक्षक अधिक संख्या में हैं, ऐसे में पुराने शिक्षकों की वापसी से और असंतुलन पैदा होगा। शिक्षा विभाग के इस कदम को लेकर जहां प्रशासन सफाई दे रहा है कि यह 'गलतियों की सुधार प्रक्रिया' है, वहीं प्रभावित शिक्षक इसे प्रशासन की अस्थिर नीति और शिक्षा व्यवस्था में गहराते भ्रम के रूप में देख रहे हैं।

## एनसीबीसी ने ओबीसी उप-वर्गीकरण डेटा जमा करने में देरी को लेकर बंगाल सरकार की खिंचाई की

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) उप-वर्गीकरण पर विस्तृत आंकड़े प्रस्तुत करने में विफल रहने के लिए पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को एक नया नोटिस जारी किया है। एनसीबीसी के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने आयोग के 22 दिसंबर, 2023 के पहले के नोटिस और 19 फरवरी, 2024 के बाद के पत्र का जवाब देने में विफल रहने पर राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। अपने 2024 के पत्र में राज्य सरकार ने आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करने के लिए तीन से छह महीने का समय मांगा था। एनसीबीसी ने एक पोस्ट में कहा, एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद, अपेक्षित जानकारी अब भी प्रतीक्षित है। आयोग ने कहा कि पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशों के आधार पर हाल ही में कई समुदायों को उप-वर्गीकृत किया गया है और पश्चिम बंगाल राज्य ओबीसी सूची के तहत अधिसूचित किया गया है। इन परिवर्तनों को मई और जून 2025 के बीच जारी तीन अधिसूचनाओं के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया, जो राज्य के अनुसार विस्तृत सर्वेक्षणों पर आधारित थे। हालांकि, एनसीबीसी ने अब मांग की है कि राज्य उप-वर्गीकरण का समर्थन करने के लिए इस्तेमाल की गई सर्वेक्षण रिपोर्ट और दस्तावेज प्रस्तुत करे। एनसीबीसी अध्यक्ष ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को तीन कार्य दिवसों के भीतर जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

## हुगली नदी में एक वर्षीय अज्ञात बच्ची का शव मिला, पुलिस ने शुरू की जांच

**कोलकाता, समाज्ञा :** नॉर्थ पोर्ट थाना क्षेत्र में रविवार सुबह हुगली नदी से एक अज्ञात बच्ची का शव बरामद किया गया। यह घटना सुबह बाबूघाट के पास हुई, जहां स्थानीय लोगों ने नदी में एक बच्ची को तैरते हुए देखा। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बच्ची के शव को नदी से बाहर निकाला। बच्ची की उम्र लगभग एक वर्ष बताई जा रही है, जिसकी अब तक पहचान नहीं हो सकी है। उसे मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बच्ची की नदी में डूबने की वजह क्या थी। नॉर्थ पोर्ट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## न्यूटाउन में स्मार्ट बस स्टॉप्स होंगे अब और भी सुविधाजनक, एनकेडीए ने शुरू की मरम्मत और सुधार प्रक्रिया

**कोलकाता :** न्यूटाउन के स्मार्ट बस स्टॉपों को लेकर नई पहल की है न्यूटाउन कोलकाता डिवेलपमेंट अथॉरिटी (एनकेडीए) ने। यात्रियों की सुविधा के लिए 24 स्मार्ट यात्री प्रतीक्षालयों के पूर्ण नवीकरण और मरम्मत की योजना बनाई गई है। इसके तहत प्रतीक्षालयों में पेयजल की सुविधा, मोबाइल चार्जिंग किओस्क, बैठने की अच्छी व्यवस्था और छत की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है।



इस परियोजना का पायलट मॉडल पहले ही एको पार्क के सामने विश्व बांग्ला सड़क के पास पेचामोड़ बस स्टॉप पर लागू किया गया है। वहां की छत, रंग-रोगन, चार्जिंग प्वाइंट आदि को दुरुस्त कर अब यह स्टॉप यात्रियों के बीच एक आकर्षण का केंद्र बन गया है।

एनकेडीए के एक अधिकारी ने बताया कि, जल्द ही न्यूटाउन के बाकी 24 प्रमुख बस स्टॉपों में भी इसी तरह का सुधार कार्य शुरू किया जाएगा। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत पहले से ही न्यूटाउन के आकांक्षा, पेचा, नजरुल तीर्थ, न्यूटाउन थाना आदि प्रमुख स्थानों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्मार्ट प्रतीक्षालय बनाए गए थे। इनमें पीने के पानी, फूड स्टॉल, मोबाइल चार्जिंग, एलईडी डिस्प्ले जैसी सुविधाएं थीं।

हाल के दिनों में यात्रियों से शिकायतें मिल रही थीं कि मौसम की मार के कारण कई स्टॉप्स की स्थिति खराब हो गई है-कहीं छत टपक रही है, तो कहीं चार्जिंग पॉइंट काम नहीं कर रहा है। एनकेडीए ने नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अब एक साथ इन प्रतीक्षालयों के मरम्मत और सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी ली है।

इस पहल से उम्मीद है कि न्यूटाउन के हजारों दैनिक यात्रियों को अब पहले से कहीं अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित बस स्टॉप मिल सकेंगे।

## विजय की कविता सुन मंत्रमुग्ध हुए असम के सीएम

❑ **मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कवि व रेलकर्मी विजय की जमकर प्रशंसा की**

**कोलकाता :** बिहार के मधुबनी जिला निवासी हिंदी के उदीयमान कवि, गीतकार और गायक एवं रेलकर्मी विजय कुमार यादव की देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कविता 'आओ भारत वासी मिलकर देश का नव निर्माण करें, मां भारती की सेवा में अपना जीवनदान करेंळ की असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने जमकर प्रशंसा की है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे मुख्यालय, मालीगांव, गुवाहाटी में मुख्य दक्षता निरीक्षक के रूप में कार्यरत विजय ने हाल में राजधानी दिसपुर स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय- लोक सेवा भवन में असम के सीएम से मुलाकात की थी। इस दौरान विजय ने मुख्यमंत्री को अपनी पुस्तक



विजय वाणी भेंट करने के साथ अपनी देशभक्तिपूर्ण कविता-आओ भारत वासी मिलकर देश का नव निर्माण करें...सुनाई, जिसे सुन सरमा खासा प्रभावित हुए। सीएम सरमा ने न केवल विजय की कविता को बेहद गौर से सुना बल्कि उनकी भावपूर्ण और सुरीले प्रस्तुतीकरण से इतने प्रभावित हुए कि उन्हें पूर्वोत्तर में हिंदी साहित्य का भविष्य तक बताया। साथ ही भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। असम के सीएम व मुख्यमंत्री कार्यालय ने अपने आधिकारिक फेसबुक व एक्स हैंडल से इसकी तस्वीर साझा करते हुए विजय की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने लिखा- 'बिहार के मधुबनी जिला निवासी हिंदी के उदीयमान कवि, गीतकार और गायक विजय कुमार यादव ने सीएम से मिलकर अपनी पुस्तक विजय वाणी भेंट की। सीएम ने उनके इस भाव की सराहना की और उनके काम में परिलक्षित देशभक्ति भावना की सराहना की।ळ सीएम के पोस्ट के बाद इंटरनेट मीडिया पर वायरल विजय की यह कविता खूब पसंद की जा रही है और जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है।

हिंदी एवं मैथिली भाषा के गायक, गीतकार व कवि विजय ने बताया कि आओ भारत वासी...एक कविता नहीं बल्कि प्रत्येक भारतवासी के मनोभाव हैं और इस कविता का एक- एक शब्द भारत को एक राष्ट्र के रूप में संगठित रहने का संदेश देती है। उन्होंने प्रशंसा के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त कि संवैधानिक पदों पर आसीन अन्य व्यक्ति भी इस भावना को आगे बढ़ाएंगे

मालूम हो कि असम, सिक्किम एवं अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल से भी प्रशंसित और रेलवे बोर्ड एवं जोनल स्तर पर अनेक पुरस्कारों से सम्मानित विजय अब तक दर्जनों कविताएं लिख चुके हैं। उनकी कविताओं का प्रकाशन देश के विभिन्न पत्र- पत्रिकाओं में भी होता रहा है। उनकी दो कविता संग्रह- कर्म पथ का राही एवं विजय वाणी में सैकड़ों कविताओं का संग्रह है।

मूल रूप से बिहार के मधुबनी जिले के नाहर बलुआहा गांव निवासी विजय बेहद सामान्य परिवार से आते हैं। रेलवे में अपने कार्यालय के कार्य व जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करते हुए साहित्यिक कायरें में भी वे काफी रूचि रखते हैं। उन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मान भी प्राप्त हो चुका है।

## अंजनी पुत्र सेना ने बंगाल में हिंदुओं और मंदिरों पर हमलों के विरोध में प्रदर्शन किया



**कोलकाता, समाज्ञा :** अंजनी पुत्र सेना द्वारा बंगाल में हिंदुओ पर और मंदिरों पर हो रहे लगातार जिहादी हमले के विरोध में विक्षोभ प्रदर्शन एवं पथ सभा का आयोजन किया गया। हाथों में तख्तियां लिए और संस्था का भगवा ध्वज लिए अंजनी पुत्र सेना के सैनिक हावड़ा मैदान मेट्रो स्टेशन के समीप मानव श्रृंखला बनाकर राज्य सरकार एवं पुलिस प्रशासन को हिंदुओ पर हो रहे हमले पर चुप्पी साधने पर अपनी नाराजगी जताई। संस्था के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सचिव के साथ संगठन के कार्यकर्ता सहित भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने राहगीरों ने अंजनी पुत्र सेना के इस विक्षोभ प्रदर्शन में सहभागिता निभाई। इस दौरान सिर्फ हंगामा खड़ा करना हमारा मकसद नहीं, मकसद यह कि यह सूरत बदलनी चाहिए के विचार व्यक्त करते सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे।

## नीट 2025 में रूबी पार्क पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन



श्रीजन देबनाथ



सन्निधि पॉल



अभ्रनील मंडल

**कोलकाता, समाज्ञा :** रूबी पार्क पब्लिक स्कूल के छात्रों ने नीट 2025 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। लगातार मेहनत और लगन के दम पर स्कूल के 11 छात्रों ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, जिनमें 3 छात्रों ने 95 परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल किए हैं। श्रीजन देबनाथ ने 98.61 परसेंटाइल और सन्निधि पॉल ने 96.15 परसेंटाइल स्कोर करते हुए स्कूल में टॉप स्थान प्राप्त किया है। दोनों छात्रों ने अपनी श्रेणियों में भी प्रशंसनीय रैंक हासिल की है। वहीं, अभ्रनील मंडल ने भी 4086 की उल्लेखनीय कैटेगरी रैंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय प्रशासन ने छात्रों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम उनके कठोर परिश्रम, समर्पण और दृढ़ निश्चय का प्रमाण है।

## हुगली में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर 16 वर्षीय किशोर की मौत

❑ **इलाके में शोक की लहर**

**हुगली :** रविवार को हुगली जिले के सिमलागढ़ के चांपाहाटी मैदानपाड़ा इलाके में आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मृत किशोर का नाम शेख बादशाह (16) बताया गया है। घटना के बाद इलाके में मातम पसर गया है।

पुलिस और स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे शेख बादशाह अपने घर के पास एक पानी के तालाब में स्नान करने गया था। उसी दौरान अचानक तेज बारिश और बिजली कड़कने लगी। बारिश से बचने के लिए वह पास के एक बटवृक्ष के नीचे जाकर बैठ गया। तभी तेज आकाशीय बिजली उसी पेड़ पर आ गिरी। बिजली गिरते ही बादशाह अचेत होकर वहीं गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने जब उसे बेहोश देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पांडुआ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और उसे पांडुआ ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा शेख अरसाद अली ने कहा 'बादशाह तालाब के किनारे बड़ के पेड़ के नीचे बैठा था। तभी वहां जोरदार बिजली गिरी, और उसी से उसकी मौत हो गई।'

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक जांच में पुलिस ने भी यह अनुमान लगाया है कि बादशाह की मौत सीधे तौर पर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हुई है।

## बासंती हाइवे पर सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** भांगड़ थाना क्षेत्र में रविवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। यह हादसा बासंती हाइवे पर घटकपुकुर के पास कुमरा गोला इलाके में हुआ। मृतक की पहचान सलाउद्दीन बैद्य (30) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, सलाउद्दीन स्कूटी चला रहा था, जब अचानक स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। युवक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिससे उसे सिर समेत कई गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को तत्काल एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने स्कूटी को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## केनरा रोबेको एएमसी की 'निवेश बस यात्रा' पश्चिम बंगाल में म्यूचुअल फंड जागरूकता फैलाएगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की दूसरी सबसे पुरानी एसेट मैनेजमेंट कंपनी, केनरा रोबेको एएमसी, 16 जून से पश्चिम बंगाल में 'निवेश बस यात्रा' की शुरुआत करने जा रही है। यह बस कोलकाता, हावड़ा, दुर्गापुर, आसनसोल और सिलीगुड़ी जैसे शहरों का दौरा कर म्यूचुअल फंड में निवेश की जानकारी देगी। इसका उद्देश्य आम लोगों को सरल भाषा में निवेश के लाभ, जोखिम और आवश्यक जानकारी प्रदान करना है। कंपनी के एमडी और सीईओ रजनीश नरूला ने कहा कि एक जागरूक निवेशक न केवल खुद के लिए बेहतर निर्णय लेता है, बल्कि मजबूत वित्तीय व्यवस्था में भी योगदान देता है। यह बस यात्रा शहरों की प्रमुख सोसायटीज, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर डिजिटल माध्यम से लोगों को शिक्षित करेगी। सेल्स एंड मार्केटिंग हेड गौरव गोयल ने कहा कि इस पहल से म्यूचुअल फंड से जुड़ी भ्रांतियां दूर होंगी और निवेश को सरल बनाया जाएगा।

## 21 जुलाई की टक्कर में असमंजस में भाजपा

**कोलकाता :** 21 जुलाई तृणमूल कांग्रेस के लिए शहीद दिवस का दिन होता है - इस दिन को लेकर बंगाल की राजनीति में हर साल हलचल रहती है। लेकिन इस बार भी भारतीय जनता पार्टी इस दिन को लेकर दुविधा में है कि तृणमूल को किस तरह जवाब दिया जाए।

भाजपा के एक धड़े का मानना है कि 21 जुलाई को कोई मजबूत प्रतिक्रम कार्यक्रम (काउंटर प्रोग्राम) करना ही होगा, ताकि टेलीविजन स्क्रीन पर तृणमूल की एकतरफा मौजूदगी न रहे और भाजपा भी खबरों में बनी रहे। हालांकि यह विचार नया नहीं है - पिछले दो-तीन साल से भाजपा इसी दिन कोई न कोई कार्यक्रम करने की कोशिश कर रही है, लेकिन उसे अपेक्षित सफलता नहीं मिली।

इस बार भाजपा का एक गुट पहले से ही तैयारी में जुट गया है। पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुनील बंसल के साथ इस मुद्दे पर कुछ विधायकों ने शनिवार को चर्चा की है, ऐसा सूत्रों का कहना है।

एक भाजपा विधायक ने कहा, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व जल्द ही इस पर निर्णय लेंगे। अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। अगर हम इस साल 21 जुलाई को अपनी ताकत दिखा सकें, तो तृणमूल का मनोबल टूटेगा और हमारे जमीनी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ेगा।

हालांकि भाजपा की ओर से प्रत्यक्ष तौर पर किसी कार्यक्रम की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल की रैली पर तंज कसते हुए कहा, 21 जुलाई को कोई चोर अपने घर में नहीं रहेगा, सारे चोर उस दिन कोलकाता पहुंचेंगे। इसलिए कोलकाता के निवासी सावधान रहें।

पिछले साल शुभेंदु अधिकारी ने 21 जुलाई को लोकतंत्र बचाओ दिवस मनाने की बात कही थी, लेकिन उस समय प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने इससे सहमति नहीं दी। इसके बजाय, भाजपा ने 26 जुलाई को अपना कार्यक्रम किया। भाजपा सूत्रों के अनुसार, पार्टी उस वक्त तृणमूल की भीड़ से तुलना होने के डर से 21 जुलाई को प्रत्यक्ष टक्कर नहीं लेना चाहती थी।

साल 2022 में भी भाजपा ने उलूबेड़िया चलो कार्यक्रम का ऐलान किया था और कार्यक्रम की अनुमति के लिए अदालत तक गई थी। लेकिन यह आयोजन भी धर्मतला में तृणमूल की विशाल रैली के सामने कुछ खास नहीं कर पाया।

इस साल तृणमूल की 21 जुलाई रैली को खास महत्व दिया जा रहा है, क्योंकि अगले साल राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। माना जा रहा है कि तृणमूल इसी मंच से चुनावी बिगुल बजा सकती है।

भाजपा इस बात को समझते हुए चाहती है कि वह भी उस दिन मीडिया और जनमानस के सामने अपनी अलग पहचान दिखाए। हालांकि पार्टी के एक वरिष्ठ संगठनात्मक नेता ने कहा, कुछ नेता जरूर चाह रहे हैं कि 21 जुलाई को भाजपा भी कार्यक्रम करे, लेकिन इसमें जोखिम है। अगर तृणमूल जैसी भीड़ नहीं जुटी, तो सोशल मीडिया पर मज़ाक बन सकता है। इसके बदले हम उस दिन से पहले या बाद में कोई बड़ा कार्यक्रम कर सकते हैं।

अब देखना यह है कि क्या भाजपा इस बार वाकई 21 जुलाई को तृणमूल की टक्कर में सड़कों पर उतरेगी, या फिर पिछली बार की तरह सधे कदमों से अलग दिन पर अपनी रणनीति बनाएगी।

## तेज रफ्तार में साइकिल और बाइक की जोरदार भिड़ंत, दोनों सवार घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के टेंगड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार और मोटरसाइकिल चालक घायल हो गए। यह हादसा रात करीब 9:35 बजे क्यानाल साउथ रोड स्थित बिचाली घाट के पास हुआ। दुर्घटना में घायल साइकिल सवार की पहचान कमल दास (60) और मोटरसाइकिल चालक की पहचान रतन दास (16) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, साइकिल और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे दोनों सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने टक्कर में शामिल मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## रीजेनेरेटिव ब्रेकिंग तकनीक से कोलकाता मेट्रो कर रही ऊर्जा की बचत और पर्यावरण रक्षा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे ने न केवल यात्री सुविधाओं और सेवाओं को सुदृढ़ किया है, बल्कि हरित प्रौद्योगिकियों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाई है। मेट्रो ट्रेनों और लिफ्टों में अब रीजेनेरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है, जिससे ब्रेकिंग के दौरान उत्पन्न गतिज ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदला जाता है और उसे अन्य ट्रेनों में उपयोग या बैटरियों में संग्रहित किया जाता है। यह प्रणाली न केवल ऊर्जा की बचत करती है बल्कि कार्बन उत्सर्जन को भी घटाती है। यह तकनीक पहले से ही लंदन, टोक्यो, न्यूयॉर्क और जापान की शिंकानसेन जैसी हाई-स्पीड ट्रेनों में उपयोग हो रही है। कोलकाता मेट्रो में नई रेक्स और लिफ्टों में यह तकनीक पहले से शामिल है। इससे लाइटिंग, एसी सिस्टम के संचालन में सहायता मिल रही है, जबकि बिजली की खपत



एक-तिहाई तक घट गई है। ट्रैक्शन सिस्टम में ऊर्जा खपत कम होने के साथ-साथ रखरखाव लागत में भी कमी आई है।

मेट्रो द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, 17-20% तक ऊर्जा पुनः उत्पन्न की जा सकती है। वर्ष 2024-25 में 1.08 करोड़ यूनिट ऊर्जा पुनः प्राप्त की गई, जिससे 8.2 करोड़ की बचत हुई और 13,500 टन कार्बन उत्सर्जन कम हुआ। फिलहाल 37 रेक्स में यह तकनीक है और 4 मेगावॉट की बैटरी स्टोरेज प्रणाली जुलाई 2025 तक चालू होने की उम्मीद है। इससे भारतीय रेलवे के 2030 तक नेट जीरो कार्बन एमिटर बनने के लक्ष्य को बल मिलेगा।

## सड़क हादसे में छात्रा की मौत, फूटा लोगों का गुस्सा, भीड़ ने ट्रक फूंका

❑ **मृत छात्रा के पिता की जान पानी में कूदकर बची**

**नदिया :** महानगर कोलकाता सहित राज्य के जिलों में भी तेज रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है। नदिया जिले के कृष्णानगर स्थित दिगनगर सेनपुर इलाके में नेशनल हाईवे 12 पर आज सुबह रेत से लदी एक ट्रक ने एक छात्रा रिया विश्वास को कुचल दिया। छात्रा की घटनास्थल मौत हो गई। घटना के बाद आसपास का इलाका रणक्षेत्र बन गया।

आरोप है कि उग्र भीड़ ने घातक वाहन को आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प भी हुई। घटना के कारण नेशनल हाईवे पर काफी जाम लग गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आज सुबह कक्षा नौ की छात्रा रिया विश्वास अपने पिता के साथ सड़क पार कर रही थी। आरोप है कि एक लापरवाह रेत से लदा बेकाबू ट्रक




यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 12 से गुजर रहा था। ट्रक ने लड़की को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लड़की के पिता पानी में कूद कर बच गए। दुर्घटना देख इलाके के आम लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। गुस्साई भीड़ को देख चालक लॉरी छोड़कर भाग गया। आरोप है भीड़ ने घातक ट्रक को आग के हवाले कर दिया गया। सूचना मिलने पर कृष्णानगर कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर गई। आरोप है कि शुरू में पुलिस की गुस्साई भीड़ के साथ बहस हुई।

मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने ट्रक में लगी आग को बुझाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

## दमदम कैंट-बनगांव सेक्शन में भीड़ कम करने के लिए शुरू होंगी पांच नई ईएमयू लोकल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल की उपनगरीय ईएमयू सेवाएं कोलकाता और उसके आसपास के जिलों के बीच सुगम आवागमन सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाती हैं। यात्रियों की बढ़ती भीड़ और यात्रा के दौरान सुविधा व सुरक्षा की जरूरत को देखते हुए सियालदह मंडल ने दमदम कैंट-बनगांव सेक्शन में पांच नई ईएमयू स्पेशल लोकल ट्रेनों की शुरुआत करने का फैसला किया है। ये ट्रेनें 16 जून 2025 से प्रायोगिक तौर पर चलाई जाएंगी और खासकर सुबह और शाम के पिक आवर्स में संचालित होंगी। बारासात से दमदम कैंट के लिए एक लोकल सुबह 8:50 बजे चलेगी और 9:16 बजे पहुंचेगी, वहीं दमदम कैंट से बारासात के लिए एक ट्रेन सुबह



9:45 बजे रवाना होकर 10:12 बजे पहुंचेगी। एक और ट्रेन बारासात से शाम 5:37 बजे चलेगी और 6:03 बजे दमदम कैंट पहुंचेगी। इसके बाद दमदम कैंट से बनगांव के लिए एक ईएमयू ट्रेन शाम 6:26 बजे रवाना होकर रात 8:08 बजे पहुंचेगी, और अंत में बनगांव से बारासात के लिए एक ट्रेन रात 8:20 बजे चलेगी और 9:26 बजे पहुंचेगी। इन अतिरिक्त ट्रेनों के जरिए यात्रियों को भीड़-भाड़ से राहत मिलने और सुरक्षित, सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्राप्त होने की उम्मीद है।

## ताइवान के 30-सदस्यीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने सेंचुरीप्लाई का किया औद्योगिक दौरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल और ताइवान के बीच द्विपक्षीय औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, मरचेंट्स चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमसीसीआई) के नेतृत्व में ताइवान के 30-सदस्यीय बहु-क्षेत्रीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने कोलकाता स्थित सेंचुरीप्लाई के कारखाने का दौरा किया। यह दौरा 13 जून को आयोजित किया गया। इस औद्योगिक भ्रमण का नेतृत्व एमसीसीआई के डिप्टी डायरेक्टर जनरल एस. रॉय और डिप्टी सेक्रेटरी सुकन्या बसु ने किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल 16 ताइवानी कंपनियों के निदेशकों ने अपने व्यवसायिक प्रोफाइल साझा किए, जो मुख्यतः हार्डवेयर व टूल्स, सुरक्षा एवं निगरानी, खाद्य एवं पेय पदार्थ, मशीनरी एवं औद्योगिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स व




कंपोनेंट्स, ऑटो पार्ट्स व बियरिंग्स, स्मार्ट होम सॉल्यूशंस और फर्नीचर व होम लिविंग जैसे विविध क्षेत्रों से संबंधित थे। प्रतिनिधिमंडल ने सेंचुरीप्लाई की उत्पादन प्रक्रिया में गहरी रुचि दिखाई और उत्पादों में प्रयुक्त कच्चे माल को लेकर जानकारी ली। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच औद्योगिक विकास, तकनीकी विशेषज्ञता का आदान-प्रदान, आधुनिक तकनीकों के उपयोग और औद्योगिक क्षमताओं को बढ़ाने के संदर्भ में भविष्य की संभावित साझेदारियों पर चर्चा हुई। इस पहल को दोनों देशों के उद्योग जगत के बीच सहयोग को नई दिशा देने की ओर एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

# कोन्नगर में सहकारिता चुनाव को लेकर बवाल, तृणमूल पर वोट लूटने का आरोप, विरोध में सड़क जाम

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के कोन्नगर में स्थित नवग्राम पीपल्स को-ऑपरेटिव लिमिटेड के सहकारिता चुनाव को लेकर जमकर हंगामा हुआ। वाम दलों की ओर से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर वोट लूट और बूथ कब्जा करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वहीं इस घटना के विरोध में सीपीएम समर्थकों ने नैटी रोड पर रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए सीपीएम पर हिंसा फैलाने का आरोप लगाया। रविवार को दोपहर करीब 12 बजे नवग्राम के 3 मतदान केंद्रों पर कुल 56 सीटों के



लिए वोटिंग शुरू हुई। इन सभी सीटों पर तृणमूल कांग्रेस और सीपीएम के उम्मीदवार मैदान में थे। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए पुलिस की भारी तैनाती की गई थी लेकिन सीपीएम का आरोप है कि वोटिंग शुरू होते ही तृणमूल कार्यकर्ताओं ने बूथों को घेर लिया और गेट बंद कर दिया, जिससे आम वोटरों को अंदर जाने से रोका गया। आरोप यह भी है कि अंदर बैठकर तृणमूल समर्थकों ने बोगस वोटिंग शुरू कर दी। इस घटना के विरोध में वामपंथी कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया।

एसएफआई के हुगली जिला सचिव अर्णब दास ने कहा 'तृणमूल ने सुबह से ही तीनों स्कूलों के सभी बूथों को कब्जे में ले लिया था। हमारे कई कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गई। यह एक प्रहसन है, चुनाव नहीं। पिछले पंचायत चुनाव में जनता ने वामपंथियों को समर्थन दिया था, लेकिन तृणमूल यह स्वीकार नहीं कर पा रही है, इसीलिए अब वोट लूट रही है।' तृणमूल कांग्रेस ने इन सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है। कोन्नगर युवा तृणमूल अध्यक्ष शतद्रु कर ने कहा:

'सीपीएम के हार्मादों ने हमारे एक कार्यकर्ता के साथ मारपीट कर उसका कपड़ा फाड़ दिया। हम किसी को नहीं मारे हैं। वे हार सामने देखकर अब झूठा आरोप लगा रहे हैं।' उन्होंने वोट लूट के सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि 'बेमतलब का ड्रामा' किया जा रहा है।

# छाते से चेहरा ढका, फिर भी पकड़ा गया बुज़ुर्गा की हत्या का आरोपी फेरीवाला

**कोलकाता :** चेहरा छिपाने के लिए छाता इस्तेमाल किया था, लेकिन पुलिस की निगाहों से नहीं बच सका मयमूर अली गाज़ी। मुछीपाड़ा की बुज़ुर्ग महिला नमिता पाल (70) की हत्या के आरोप में कोलकाता पुलिस ने उसे दक्षिण 24 परगना के मगरहाट से गिरफ्तार किया है।

पुलिस का दावा है कि मयमूर पेशे से एक फेरीवाला है, जो नमिता देवी के घर पर सामान बेचने के बहाने आता था। गत बुधवार को नमिता देवी का शव कोलकाता के सरपेंटाइन लेन स्थित उनके घर से बरामद हुआ था। वह घर में अकेली रहती थीं। उनके पति पोर्ट ट्रस्ट में कार्यरत थे और कुछ वर्षों पहले उनका देहांत हो गया था। दोनों बेटे भी नहीं रहे। नमिता देवी पति की पेंशन पर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रही थीं।

सूत्रों के अनुसार, वह अपने घर का कुछ फर्नीचर बेचना चाहती थीं। तभी घर के पास से गुजर रहे फेरीवाले मयमूर को उन्होंने अंदर बुलाया। मयमूर पहले से जानता था कि इलाके में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, इसलिए उसने घर में प्रवेश करते समय सिर पर छाता रखकर खुद को कैमरे से छिपाने की कोशिश की।

पुलिस के अनुसार, मयमूर ने नमिता देवी के साथ बातचीत करते हुए अपने गले में लटका गमछा निकालकर उनका गला घोंट दिया और घर में रखे सोने-चांदी के गहने और नकद पैसे लेकर फरार हो गया। वारदात के बाद उसने घर का दरवाज़ा बाहर से बंद कर दिया और फिर से छाता खोलकर वहां से निकल गया।

हालांकि, उसके हावभाव और पहनावे को सीसीटीवी में साफ़ देखा गया। फुटेज देखने के बाद जांचकर्ताओं को जानकारी मिली कि वह व्यक्ति कई दिनों से इलाके में घूम रहा था। सभी सूचनाओं को जोड़कर पुलिस की एक टीम शनिवार तड़के मगरहाट पहुंची और मयमूर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने उसके घर से नमिता देवी के चार सोने के कड़े, दो अंगूठी, एक लॉकेट, चांदी के गहने और नकद पैसे बरामद किए हैं। हत्या के समय इस्तेमाल किया गया वही छाता भी जब्त कर लिया गया है।

इस घटना के बाद कोलकाता पुलिस ने शहर में अकेले रह रहे बुज़ुर्गों को सतर्क रहने की सलाह दी है और अनजान लोगों को घर में न बुलाने की चेतावनी दी है। लालबाज़ार के अधिकारियों ने भी माना है कि इस तरह की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं और पुलिस निगरानी अब और कड़ी की जाएगी।

## हावड़ा में झील में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत, इलाके में शोक का माहौल

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के चटर्जी हाट थाना क्षेत्र में स्थित डुमुरजला स्टेडियम के पास एक झील में नहाने के दौरान एक 14 वर्षीय किशोर की डूबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान अभिजीत शर्मा के रूप में हुई है, जो बैरागीपाड़ा लेन, बेंटरा थाना अंतर्गत का निवासी था और नौवीं कक्षा का छात्र था। रविवार सुबह अभिजीत अपने दोस्तों के साथ स्टेडियम के मैदान में फुटबॉल खेलने गया था। खेल खत्म होने के बाद सभी दोस्त पास ही स्थित झील में नहाने चले गए। उसी दौरान अचानक अभिजीत झील में गायब हो गया। दोस्तों ने तुरंत इसकी सूचना परिवार और पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया गया। लगभग एक घंटे की खोजबीन के



बाद अभिजीत को झील से निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक,उसे पढ़ाई के साथ-साथ फुटबॉल खेलना भी पसंद था। वह अक्सर अपने दोस्तों के साथ फुटबॉल खेलने जाता था लेकिन उसे तैरने नहीं आता था। फिलहाल, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले की जांच जारी है।

## नगरपालिका रही मौन, तो ट्रैफिक पुलिस ने उठाई झाड़ू-दुर्गापुर में मिसाल बनी कार्रवाई

❑ **पुलिस ने खुद संभाली जिम्मेदारी, सड़क पर उतरे अफसर**

**पश्चिम वर्दवान :** पश्चिम वर्दवान के दुर्गापुर में रविवार की सुबह एक अनोखा और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। नगर पालिका की अनदेखी से परेशान होकर ट्रैफिक पुलिस और सिविक वॉलंटियर्स ने स्वयं हाथ में कुदाल, फावड़ा और झाड़ू लेकर सड़क की सफाई शुरू कर दी। इस कदम का उद्देश्य था, लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना। यह घटना दुर्गापुर ट्रैफिक गार्ड के अंतर्गत आने वाले साधुचाद मुर्मू सरणी इलाके की है। यहां एक निजी अंग्रेजी माध्यम स्कूल के पास की मुख्य सड़क पर लंबे समय से मुरम, मिट्टी और रेत का ढेर जमा था। सड़क के दोनों ओर उगी झाड़ियां और जमी गंदगी के कारण राहगीरों,



विशेषकर बाइक सवारों को फिसलकर गिरने की घटनाएं आम हो गई थी। स्थानीय लोगों ने कई बार नगरपालिका को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के ट्रैफिक विभाग ने स्वयं मोर्चा संभालने का निर्णय लिया। रविवार सुबह ट्रैफिक इंस्पेक्टर संजीव तिवारी, दुर्गापुर ट्रैफिक गार्ड के प्रभारी अधिकारी संदीप सोम, ट्रैफिक अधिकारी अली रेजाक और तापस गुही के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों और सिविक वॉलंटियर्स ने सड़क पर पहुंचकर सफाई अभियान शुरू किया। कुदाल और फावड़े से मिट्टी और मुरम हटाया गया, जबकि सिविक वॉलंटियर्स ने झाड़ू लगाकर सड़क को साफ किया। इस पहल को देखकर स्थानीय लोग पहले तो हैरान रह गए, लेकिन जल्द ही ट्रैफिक पुलिस की इस सामाजिक जिम्मेदारी की खुले दिल से सराहना की गई। 'यात्री साथी' ऐप से जुड़े बाइक चालक तपन अधिकारी ने कहा, सड़क की हालत ऐसी थी कि किसी भी समय हादसा हो सकता था। आज ट्रैफिक पुलिस को इस रूप में देखकर दिल से सलाम करने का मन करता है। ट्रैफिक इंस्पेक्टर संजीव तिवारी ने कहा, हम लगातार देख रहे थे कि यहां बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं। पास ही स्कूल है, जहां बच्चों को लेकर अभिभावकों को आना-जाना होता है। उनकी सुरक्षा भी हमारी जिम्मेदारी है। इसलिए हमने रविवार की छुट्टी के दिन खुद ही सफाई का बीड़ा उठाया है। यह केवल ड्यूटी नहीं, एक सामाजिक कर्तव्य है जिसे हम निभा रहे हैं।

## चंदननगर के आईसी का प्रमोशन, बनाए गए एसीपी

### दो और अधिकारियों को भी मिली तरक्की

**हुगली :** चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट से जुड़ी एक बड़ी प्रशासनिक खबर सामने आई है। चंदननगर थाने के इंस्पेक्टर-इन-चार्ज शुभेंदु बनर्जी का प्रमोशन करते हुए उन्हें अब असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस बना दिया गया है। यह प्रमोशन नवान्न (राज्य सचिवालय) की ओर से किया गया है। वे फिलहाल एसीपी के पद पर रहते हुए चंदननगर का ही प्रभार संभालेंगे। इस प्रमोशन के साथ-साथ चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल ब्रांच से जुड़े दो और अधिकारियों-अनिरुद्ध सरकार और मलय मजूमदार को भी एसीपी पद पर पदोन्नत किया गया है। दोनों अधिकारी लंबे समय से खुफिया



और विशेष शाखा में कार्यरत थे और उनकी सेवाओं को देखते हुए यह प्रमोशन दिया गया। इस तरह तीन अधिकारियों की एक साथ तरक्की से चंदननगर पुलिस महकमे में प्रशासनिक सशक्तिकरण के संकेत माने जा रहे हैं।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस: रेलवे में बच्चों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ का दृढ़ प्रयास



**मालीगांव/कोलकाता :** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस हर वर्ष 12 जून को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य बाल श्रम के उन्मूलन और सभी बच्चों को शिक्षा सुनिश्चित करने के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस दिवस की शुरुआत 2002 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा की गई थी। भारत में कानूनी प्रावधानों के बावजूद, गरीबी, अशिक्षा और असमानता जैसे कारणों से बाल श्रम आज भी जारी है और यह अक्सर रेलवे नेटवर्क पर देखा जाता है, जहाँ बच्चे असुरक्षित परिस्थितियों में रहते, काम करते या यात्रा करते हैं। रेल मंत्रालय के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ऐसे संवेदनशील बच्चों को रेस्क्यू करने और उनकी सुरक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहा है। नन्हें फरिश्ते पहल के तहत, आरपीएफ ने वर्ष 2021 से अप्रैल 2025 तक 61,345 बच्चों को बचाया है। इनमें अकेले यात्रा कर रहे नाबालिग, तस्करी के शिकार बच्चे, या भीख मांगते और संकट में पाए गए बच्चे शामिल हैं। आरपीएफ ने सघन निगरानी, खुफिया तंत्र और ट्रेनों में एस्कॉर्टिंग के माध्यम से बाल तस्करी, अपहरण, नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और चिकित्सा आपात स्थितियों जैसे कई मुद्दों को प्रभावी ढंग से हल किया है। वर्ष 2021 से अब तक, 649 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और 2719 लोगों को रेस्क्यू किया गया है, जिनमें 2456 बच्चे और 263 पुरुष-महिला वयस्क शामिल हैं। बाल तस्करी के खिलाफ कार्रवाई को मजबूत करने के लिए, आरपीएफ ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित 'बचपन बचाओ आंदोलन' के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके अंतर्गत संयुक्त कार्रवाई, जागरूकता कार्यक्रम और समन्वित रेस्क्यू किए जा रहे हैं। आरपीएफ के विजन हमारा मिशन: ट्रेनों में बाल तस्करी को रोकना के साथ भारतीय रेलवे प्रतिबद्ध हैं कि रेलवे परिसर को सुरक्षित और आशापूर्ण वातावरण में बदला जाए, ताकि प्रत्येक रेस्क्यू किया गया बच्चा स्वतंत्रता, देखभाल और एक बेहतर भविष्य की ओर यात्रा शुरू कर सके।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना पीड़ितों को शिवपुर में अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि, सभी ने की प्रार्थना



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के शिवपुर में रविवार को ऑल इंडिया हेल्पिंग केयर फाउंडेशन ने अपने कार्यालय में अहमदाबाद विमान हृदय विदारक दुर्घटना में मरे हुए भाई बहनों की आत्मा शांति हेतु अश्रु पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था के सभी पदाधिकारी एवं छात्रो ने ईश्वर से पार्थना की कि, भविष्य मे ऐसी दर्दनाक घटना न घटे। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्षा, राज कुमार कुवर, संस्थापक, विशाल यादव, गौतम यादव, गौरव कुमार, सभी शिक्षको, कोचिंग के छात्रो केने श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया।

## गंगा में फिर मगरमच्छ दिखने से स्थानीय लोगों में खौफ

**हुगली :** जिले के बांसबेरिया स्थित ईश्वर गुप्ता पुल के नीचे गंगा में मगरमच्छ देखे जाने की घटना के बाद अब चुंचुड़ा के वार्ड नंबर 28 में भगवती लेन से सटे गंगा नदी के किनारे के इलाके में फिर मगरमच्छ देखा गया। ऐसे में लोगों में खौंफ है। आज सुबह एक स्थानीय नाविक ने देखा कि एक मगरमच्छ कुत्ते को गंगा किनारे पानी में घसीट रहा है। इस घटना की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी और दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों का दावा है कि, बांसबेरिया में देखा गया मगरमच्छ चुंचुड़ा स्थित गंगा में आ गया है। सुबह करीब 11:30 बजे चुंचुड़ा और चंदननगर के बीच के इलाके में गंगा के बीच में फिर मगरमच्छ देखा गया। नाव पर सवार कुछ लोगों ने उस समय



मगरमच्छ का वीडियो बना लिया, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कुछ देर बाद फिर खबर आई कि जगदल के पास गंगा में मगरमच्छ देखा गया है। कुल मिलाकर हुगली के गंगा तट पर आम लोगों में चिंता और दहशत है। प्रशासन ने फिर से गंगा किनारे या नहाने को लेकर लोगों को सख्त चेतावनी जारी किया है। स्थानीय निवासियों ने मगरमच्छ को पकड़ने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पर्यावरणविद और वन्यजीव विशेषज्ञ भी स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

# विदेश की खबरें

# ईरान और इजराइल को समझौता करना चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे मैंने भारत, पाकिस्तान के बीच कराया था: ट्रंप

**न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को दावा किया कि वह ईरान और इजराइल के बीच समझौता करा सकते हैं, ठीक वैसे ही जैसे उन्होंने अन्य कट्टर दुश्मनों के बीच करवाया था। ट्रंप ने एक बार फिर अपना यह दावा दोहराया कि उन्होंने पिछले महीने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को 'व्यापार का इस्तेमाल करके' रुकवाया था। 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में, राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि ईरान-इजराइल मुद्दे पर 'अब कई कॉल की जा रही हैं और



बैठकें हो रही हैं।' उन्होंने कहा, 'ईरान और इजराइल को एक समझौता करना चाहिए, और वे यह करेंगे, ठीक उसी तरह जैसा कि मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच कराया था। उस समय मैंने अमेरिका के साथ व्यापार का इस्तेमाल कर के बातचीत में समझदारी, एकता और संतुलन लाया। दोनों ही बेहतरीन नेताओं ने जल्दी फैसला लिया और सब कुछ रोक दिया। भारत सरकार का कहना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच, चार दिनों तक दोनों ओर से हुए ड्रोन एवं मिसाइल हमलों के बाद बिना किसी तीसरे पक्ष की भागीदारी के संघर्ष समाप्त करने के लिए 10 मई को सहमति बनी थी। इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान पर हमला किया और उसके परमाणु, मिसाइल और सैन्य ढांचे को निशाना बनाया। ईरान ने इजराइल पर जवाबी हमले किए, जिसके बाद तेल अवीव में इमारतों पर ईरानी मिसाइलों के हमले के बाद इजराइल ने और भी जोरदार हमले की धमकी दी है। अपने पोस्ट में ट्रंप ने अन्य संघर्षों को सूचीबद्ध किया, जिसमें उन्होंने हस्तक्षेप करने और लड़ाई को रोकने का दावा किया। उन्होंने कहा कि उनके पहले कार्यकाल के दौरान, सर्बिया और कोसोवो में 'भीषण' लड़ाई चल रही थी, जैसा कि वे कई दशकों से करते आ रहे थे और यह लंबे समय से चल रहा संघर्ष 'युद्ध' का रूप लेने वाला था।

## इजराइल-ईरान संघर्ष और व्यापार युद्ध के साए में जी7 नेता कनाडा में जुटे

**बैंफ (कनाडा) :** दुनिया की कुछ सबसे बड़ी आर्थिक शक्तियों के नेता रविवार को कनाडा के रॉकीज में जी7 की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। यह सम्मेलन इजराइल- ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सहयोगियों और प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ लगाए जा रहे उच्च सीमा शुल्क की पृष्ठभूमि में हो रही है। ईरान पर इजराइल के हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई ने कई वैश्विक नेताओं को हतप्रभ कर दिया है। उनका मानना है कि यह एक अधिक अस्थिर विश्व का नवीनतम संकेत है, क्योंकि ट्रंप अमेरिका को विश्व के 'पुलिसमैन' की भूमिका से



मुक्त करना चाहते हैं। जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना होने से पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कहा कि उन्होंने संकट को कम करने के प्रयासों पर ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ-साथ अन्य वैश्वि नेताओं के साथ चर्चा की है।

### रूस के तातारस्तान क्षेत्र में यूक्रेन के ड्रोन हमले में एक की मौत, 13 घायल

**कीव :** रूस के तातारस्तान क्षेत्र में रविवार को यूक्रेनी ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।क्षेत्रीय गवर्नर रुस्तम मिन्निखानोव ने बताया कि ड्रोन नष्ट कर दिया गया, लेकिन गिरते मलबे से आग लग गई और येलाबुगा जिले में एक वाहन निर्माण संयंत्र पर उसका हिस्सा गिरा, जो युद्ध के मुख्य मोर्चे से लगभग 1,200 किलोमीटर दूर है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने रात भर में छह यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। यूक्रेनी वायु सेना के अनुसार, रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 183 ड्रोन एवं 11 मिसाइलों से हमला किया तथा उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने 111 ड्रोन और आठ मिसाइलों को नष्ट कर दिया, जबकि अन्य 48 ड्रोनों को जाम कर दिया गया।

### भारतीय दतावास ने ईरान में रह रहे भारत के नागरिकों के लिए परामर्श जारी कर सतर्क रहने को कहा

**तेहरान :** ईरान में रह रहे भारतीयों के लिए रविवार को जारी परामर्श में कहा गया है कि वे घबराएं नहीं, सावधानी बरतें और इजराइल द्वारा हमले के बाद देश में व्याप्त स्थिति के मद्देनजर तेहरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें।

भारतीय दूतावास द्वारा जारी परामर्श में सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों से सतर्क रहने, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचने, दूतावास के सोशल मीडिया अकाउंट पर नजर रखने और स्थानीय अधिकारियों की ओर से दी गई सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा गया है।दूतावास ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर एक गूगल फॉर्म उपलब्ध कराया तथा भारतीय नागरिकों से इसे भरकर अपना विवरण देने को कहा है।इसमें कहा गया, ''कृपया याद रखें, घबराने की जरूरत नहीं है, सावधानी बरतें और तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क बनाए रखें।''तेहरान स्थित भारतीय मिशन ने एक टेलीग्राम लिंक भी उपलब्ध कराया तथा भारतीय नागरिकों से मिशन से हालात पर अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए इससे जुड़े को कहा।

दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''कृपया ध्यान दें कि यह टेलीग्राम लिंक केवल उन भारतीय नागरिकों के लिए है जो वर्तमान में ईरान में हैं।'' भारतीय दूतावास ने आपात स्थिति के लिए कुछ फोन नंबर भी जारी किये हैं। इजराइल ने शुक्रवार तड़के ईरान पर हमला कर उसके परमाणु, मिसाइल और सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। बाद में, ईरान ने इजराइल पर जवाबी हमले किए।

## ऑस्ट्रेलिया:भारतीय मूल के व्यक्ति की पुलिसकर्मी ने घुटने से दबाई थी गर्दन, मौत

**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया में पुलिस के एक अधिकारी द्वारा गिरफ्तार करने का प्रयास करते समय गर्दन को कथित तौर पर घुटने से दबाने की वजह से लगी चोट के बाद अस्पताल में भर्ती 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत हो गई। रविवार को जारी मीडिया की खबर से यह जानकारी मिली। 'सेवेनन्यूज ऑस्ट्रेलिया' की खबर के अनुसार, एडिलेड के मोडबरी नॉर्थ में रहने वाले गौरव कुंदी की बृहस्पतिवार को मौत हो गई। कुंदी को कुछ दिन पहले दिमागी चोट के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिसकर्मी ने रॉयस्टन पार्क में पेनहैम रोड पर कुंदी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया था। पुलिसकर्मी ने आरोप लगाया था कि उसने कुंदी और एक महिला के बीच 'झगड़ा' होते हुए देखा था। घटना से जुड़े एक वीडियो में पुलिसकर्मी को कुंदी से साथ जबरदस्ती करते हुए देखा जा सकता है जबकि वह और उनकी पत्नी अमृतपाल कौर पुलिस की इस हरकत का चीख-चीखकर विरोध कर रहे थे।कुंदी चिल्ला-चिल्लाकर कह रहे थे, मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। वहीं कौर इस पूरी घटना का वीडियो बना रही थीं और बोल रही थीं कि पुलिस अनुचित तरीके से कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तारी के



प्रयास के दौरान कुंदी की हालत बिगड़ने और 'बेसुध' होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने बताया कि कुंदी ने गिरफ्तारी के दौरान हाथापाई करने की कोशिश की और वह नशे में था। पुलिस के मुताबिक, कुंदी और उनकी पत्नी के बीच कथित तौर पर बहस हो रही थी और वहां से गुजर रहे पुलिस के एक गश्ती दल ने इस घटना को घरेलू हिंसा समझ लिया।कौर ने कहा कि उनके पति बस नशे में थे और शोर मचा रहे थे, लेकिन उन्होंने किसी प्रकार की हिंसक गतिविधि नहीं की।

## इजराइल में सभी भारतीय सुरक्षित, स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है : भारतीय मिशन

**यरूशलम :** ईरान के साथ संघर्ष के बीच इजराइल में सभी भारतीय सुरक्षित हैं तथा भारतीय दूतावास मौजूदा स्थिति और अपने नागरिकों की सुरक्षा पर लगातार नजर रख रहा है। भारतीय मिशन ने रविवार को यह जानकारी दी। दूतावास के सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उसने चौबीसों घंटे संचालित होने वाली एक हेल्पलाइन स्थापित की है और समुदाय के सदस्यों के साथ संपर्क बनाए हुए है। भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि होने का उल्लेख करते हुए मिशन ने रविवार को जारी एक ताजा परामर्श में अपने नागरिकों को ''सतर्क रहने, किसी भी अनावश्यक आवाजाही से सख्ती से बचने और इजराइली अधिकारियों द्वारा दी गई सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने'' को कहा है। मिशन ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''तेल अवीव में भारतीय दूतावास इजराइल में भारतीय समुदाय के सदस्यों के संपर्क में है, जिसमें श्रमिक, छात्र, व्यवसायी और पर्यटक समूह शामिल हैं।'' इसने कहा, ''दूतावास स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है और इजराइली अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में है।'' इजराइल की सरकार द्वारा राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करने और हवाई क्षेत्र बंद होने के मद्देनजर मिशन ने भारतीय नागरिकों को सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने की सलाह दी है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार : कैमूर में महिला कांस्टेबल को पुरुष सहकर्मी ने मारी गोली

**भभुआ :** बिहार के कैमूर जिले में रविवार को एक महिला कांस्टेबल को उसके पुरुष सहकर्मी ने कथित तौर पर गोली मार दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता की पहचान सरिता कुमारी (28) के रूप में हुई है। आरोपी अजय पासवान भी कांस्टेबल है और फरार है। उन्होंने बताया कि दोनों रिश्तेदार हैं और सुपौल जिले में कांस्टेबल के पद पर तैनात हैं।पटना स्थित बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक, घटना रविवार तड़के करीब 4.30 बजे कुदरा इलाके में हुई। पीड़िता अपने पति के साथ मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी थी, तभी अजय पासवान ने उसे गोली मार दी। आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता को नजदीकी अस्पताल ले गई।मोहनिया के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) प्रदीप कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि महिला के बयान के आधार पर अजय पासवान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि घायल कांस्टेबल को बेहतर इलाज के लिए उत्तर प्रदेश के वाराणसी रेफर किया गया है।

### राप्ती नदी में नाव पलटने से एक की मौत, 13 ग्रामीण तैरकर तट पर पहुंचे

**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर जिले के बड़हलगंज थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर को राप्ती नदी में नाव पलटने से एक ग्रामीण की डूबने से मौत हो गयी और 13 अन्य तैरकर सुरक्षित तट पर पहुंच गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 55 वर्षीय पवारू यादव नामक व्यक्ति के रूप में हुई है। नाव में सवार लोग नेतवार पट्टी (गोरखपुर) से भूमि मापने के लिए देवरिया जा रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नाव गोरखपुर जिले के नेतवार पट्टी से 14 लोगों को लेकर देवरिया जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के धनैया गांव जा रही थी और नौका नदी के किनारे से करीब 20 मीटर दूर पलट गई। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान सत्यदेव यादव, शेषनाथ यादव, मुकेश यादव और जयप्रकाश सहित अन्य यात्री राजस्व विभाग की भूमि के सर्वेक्षण के लिए जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, इस घटना में पवारू यादव (55) नामक व्यक्ति डूब गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया और बाद में उसका शव बरामद कर लिया गया। घटना के बाद मदनपुर (देवरिया) और बड़हलगंज (गोरखपुर) से पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं।

### सुलतानपुर में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में सजायफ़्ता कैदी की मौत

**सुलतानपुर (उप्र) :** सुलतानपुर जिला कारागार में बंद सजायफ़्ता एक कैदी की मौत हो गयी है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वह नाबालिग से दुष्कर्म के जुर्म में 10 साल की सजा काट रहा था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, जिले के दोस्तपुर थाना अंतर्गत जयचंद्रपुर निवासी शब्बीर अहमद (35) ने शनिवार रात जेल में सांस फूलने की शिकायत की जिसके बाद जेल प्रशासन द्वारा शब्बीर को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, शब्बीर के विरुद्ध 2020 में एक नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने को लेकर मोतिगरपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने विवेचना पूरी कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया और फरवरी 2025 में आरोपी को दोषी करार देकर अदालत ने उसे 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।

### मुजफ्फरनगर में खेत में मिला किसान का शव बरामद

**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** मुजफ्फरनगर जिले के भोरा कला क्षेत्र में रविवार को 50 वर्षीय किसान का शव उसके खेत में मिला। उसकी गला रेतकर हत्या की गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी ऋषिका सिंह ने यहां बताया कि भोरा कला थाना क्षेत्र के शिकारपुर गांव में प्रदीप नामक किसान का शव आज सुबह उसके खेत में मिला और उसकी गला काटकर हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदीप की पत्नी पुष्पा ने थाने में दर्ज कराए मुकदमे में आरोप लगाया है कि विनोद नाम के व्यक्ति ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके पति की हत्या कर दी है।

# सरकारी नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद और भेदभाव अब बीते दिनों की बात : योगी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि सरकारी नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद और भेदभाव अब बीते दिनों की बात हो गयी है और अब आरक्षण का लाभ देते हुए मेरिट के आधार पर पूरी पारदर्शिता से भर्तियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में प्रदेश पुलिस के 60 हजार 244 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरण के लिये आयोजित कार्यक्रम में कहा, ''वर्ष 2017 (उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार के गठन का वर्ष) से पहले (सरकारी भर्तियों में) भाई-भतीजावाद था। भेदभाव होता था। परीक्षा की शुचिता पर प्रश्न खड़े होते थे। पैसा दिए बगैर किसी का भी चयन नहीं हो सकता था लेकिन आज यह बीते दिन की बात हो गई है।'' उन्होंने कहा, ''अब तो अभ्यर्थियों को संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण की सुविधा का लाभ देते हुए मेरिट को ध्यान में रखकर इस प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता से संपन्न करने का कार्य किया जा रहा है। आज उसी का परिणाम है कि हम लोगों ने अकेले उत्तर प्रदेश पुलिस बल में पिछले आठ वर्षों में दो लाख 16 हजार कर्मियों की नियुक्ति की है। केवल भर्ती ही नहीं की है, बल्कि पुलिस को मॉडर्न पुलिस बनाने की दिशा में भी कार्य किया है।''आदित्यनाथ ने पूर्व में हुई पुलिस भर्ती में शाह के सहयोग को याद करते हुए कहा, ''मुझे याद है कि 2017 में जब हम लोगों ने पहली पुलिस भर्ती की थी। उस समय मैं, भाजपा के (तत्कालीन) राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में गृहमंत्री अमित शाह जी के पास गया था। उन्होंने कहा था कि आप भर्ती करिये, प्रशिक्षण के लिए हम लोग सेना, अर्धसैनिक बल और अन्य राज्यों के प्रशिक्षण केंद्रों पर भी सुविधा उपलब्ध कराएंगे। मैं आभारी हूं कि उस समय तमाम राज्यों, अर्धसैनिक बलों और सेना ने हमें प्रशिक्षण केंद्र उपलब्ध कराये।' मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री से मुखातिब होते हुए कहा, ''आपने 2021 में उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश स्टेट फॉरेंसिक इंस्टिट्यूट का शिलान्यास किया था और 2023 से इस संस्थान ने काम शुरू कर दिया है।' उन्होंने कहा, 'भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की मूल भावना दंड आधारित न होकर न्याय प्रदान करने की है।

### अब जदयू ने लालू प्रसाद पर आंबेडकर का अपमान करने का लगाया आरोप

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद पर बाबा साहब आंबेडकर का कथित तौर पर अनादर करने का आरोप लगाया। लालू ने दलितों के प्रतीक आंबेडकर का चित्र कथित तौर पर अपने पैर के पास रखवाया था। जदयू महासचिव श्याम रजक ने प्रेसवार्ता में अपने पूर्व बॉस (लालू प्रसाद) के खिलाफ भड़ास निकाली। रजक पिछले साल राजद छोड़कर नीतीश के नेतृत्व वाली पार्टी में वापस आए थे। पिछले सप्ताह प्रसाद के 78वें जन्मदिन समारोह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने का हवाला देते हुए रजक ने कहा, 'राजद सुप्रीमो ने अपनी संकीर्णता का परिचय दिया है, जिसके लिए बिहार की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।' राजद और जदयू की सरकारों में मंत्री पद संभाल चुके रजक ने यह भी दावा किया, 'नीतीश कुमार का 20 साल का कार्यकाल सामान्य रूप से सभी वंचित वर्गों और विशेष रूप से दलितों के उत्थान के लिए समर्पित रहा है। उनकी नीतियों का असर जमीनी स्तर पर महसूस किया जा रहा है।'

## न्यूज अपडेट

### झारखंड में 17 से 19 जून के बीच पहुंचेगा मानसून: मौसम विभाग

**रांची :** दक्षिण-पश्चिमी मानसून के 17 से 19 जून के बीच झारखंड पहुंचने की संभावना है और इस दौरान राज्य के कई हिस्सों में अत्यधिक बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य के दक्षिण-पश्चिमी और मध्यवर्ती क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में सोमवार के लिए 'येलो अलर्ट' (भारी बारिश की चेतावनी) जारी किया गया है, जबकि 17 जून से दो दिन के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' (भारी से अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी) जारी किया गया है।रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उपनिदेशक अभिषेक आनंद ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, राज्य में रविवार से मानसून पूर्व गतिविधियां शुरू होने की संभावना है। राज्य में 17 से 19 जून के बीच मानसून के आगमन के लिए परिस्थितियां अनुकूल प्रतीत हो रही हैं।इस वर्ष मानसून 24 मई को ही केरल पहुंच गया था, जो सामान्य समय से एक सप्ताह पहले है।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2010 से अब तक मानसून आमतौर पर 12 जून से 25 जून के बीच झारखंड पहुंचता रहा है।आनंद ने बताया कि चार महीने की मानसून अवधि के दौरान राज्य में सामान्य बारिश होने की संभावना है।उन्होंने कहा कि रविवार को राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से सोमवार को कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।आनंद ने कहा, राज्य में 17 से 20 जून के बीच भारी बारिश की संभावना है और दक्षिण-पश्चिमी एवं मध्य झारखंड के कुछ हिस्सों में अत्यधिक बारिश हो सकती है।

### उत्तर प्रदेश की वार्षिक वन्यजीव गणना पूरी, जल्द जारी होगी रिपोर्ट

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में वार्षिक वन्यजीव गणना पूरी कर ली गयी है और जल्द ही इसकी रिपोर्ट जारी की जाएगी। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यान, वन्य जीव विहारों और इनके बफर क्षेत्रों में वार्षिक वन्य जीव गणना पूरी हो गई है और इस गणना का परिणाम इस माह के अंत तक जारी किया जाएगा। ये वन्यजीव गणना 26 मई को शुरू हुई थी तथा 14 जून को सम्पन्न हुई। इसके मुताबिक, इस वर्ष खासतौर पर बारहसिंघा, काला हिरन, चिंकारा, गैण्डा, घड़ियाल के साथ भालू और तेंदुए की भी गणना की गई है। इसके साथ ही अन्य शाकाहारी जीवों हिरन, सांभर, चीतल,नीलगाय, पाड़ा, बंदर और लंगूर की भी गणना कराई गई है। प्रदेश में वन्यजीव गणना का कार्य मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के निर्देशन में सभी मण्डल के मुख्य संरक्षकों की निगरानी में कराया गया है। उत्तर प्रदेश वन एवं वन्य जीव विभाग प्रतिवर्ष प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यानों, वन्य जीव विहारों और इनके बफर क्षेत्रों में वन्यजीवों की गणना करवाता है। वन्यजीव गणना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में वन्यजीवों की संख्या और स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी प्राप्त करना है, जिसके आधार पर आगामी वर्षों में वन्यजीवों के संरक्षण के लिए व्यापक योजनाओं का निर्माण किया जाता है।

### केदारनाथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जान गंवाने वाले जयपुर के पायलट सेना में भी दे चुके थे सेवाएं

**जयपुर :** उत्तराखंड में रविवार को हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जान गंवाने वाले जयपुर निवासी पायलट राजवीर सिंह चौहान 15 साल से अधिक समय तक भारतीय सेना में सेवारत रहे और उन्हें विभिन्न भूभागों में उड़ान मिशन का व्यापक अनुभव था। केदारनाथ के पास रविवार को निजी कंपनी का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और पायलट चौहान समेत सात लोगों की मौत हो गई। जयपुर के शास्त्री नगर के रहने वाले चौहान (37) अक्टूबर 2024 से 'आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड' के साथ पायलट के रूप में काम कर रहे थे। चौहान की मौत की जानकारी उनके पिता गोविंद सिंह को दी गई। वह रविवार सुबह उत्तराखंड के गौरीकुंड के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए बेल 407 हेलीकॉप्टर के कैप्टन थे। इस दुर्घटना में उनके अलावा छह और लोगों की मौत हो गई। चौहान के पिता गोविंद सिंह ने कहा, मुझे उनके सहयोगी से दुर्घटना के बारे में जानकारी मिली। सिंह ने कहा कि राजवीर की पत्नी भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। उन्होंने कहा, राजवीर की पत्नी ने चार महीने पहले जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था। चौहान के 'लिंक्डइन' प्रोफाइल के अनुसार भारतीय सेना में काम करने के कारण उन्हें विभिन्न इलाकों में उड़ान मिशन, हवाई संचालन की देखरेख का व्यापक अनुभव था और वह विभिन्न प्रकार के हेलीकॉप्टर तथा उनके रखरखाव में प्रशिक्षित थे। उनके निधन की खबर मिलते ही चौहान के रिश्तेदार और मित्र परिवार को सांत्वना देने के लिए शास्त्री नगर स्थित उनके आवास पर पहुंचने लगे। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हादसे पर शोक जताया है। राजभवन के प्रवक्ता के अनुसार, राज्यपाल ने ईश्वर से राजस्थान के पायलट तथा अन्य श्रद्धालुओं की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

## भारतीय सेना ने 'घर-घर शौर्य सम्मान' के तहत कारगिल युद्ध के नायक के परिवार को सम्मानित किया



**चंडीगढ़ :** भारतीय सेना ने रविवार को 17वीं जाट रेजिमेंट के बहादुर सैनिक लांस नायक कृष्ण कुमार को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान अपने प्राण न्योछावर कर दिए। 'घर-घर शौर्य सम्मान' पहल के तहत, सेना ने कुमार के परिवार को हरियाणा के सिरसा जिले के तरकांवाली गांव में उनके निवास पर सम्मान पत्र और स्मृति चिह्न भेंट किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि हवलदार कमलेश बिश्नोई और सिपाही सुनील सहित सेना के प्रतिनिधियों की एक टीम ने शहीद की पत्नी संतोष देवी, बेटों मनोज और मुकेश तथा भाई बलजीत सहित उनके परिवार से मुलाकात की। कुमार के परिवार को 26 जुलाई, 2025 को मनाए जाने वाले 26वें कारगिल विजय दिवस समारोह के मद्देनजर भारतीय सेना की पहल के बारे में जानकारी दी गई। लांस नायक कृष्ण कुमार ने 30 मई, 1999 को 20 वर्ष की आयु में कारगिल में दुश्मन सेना से लड़ते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। बयान में कहा गया है कि उनकी बहादुरी और निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा और राष्ट्र उनका ऋणी रहेगा। 'घर-घर शौर्य सम्मान योजना' के तहत सेना शहीदों के परिवारों को उनके घर जाकर सम्मान पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित कर रही है। इस पहल का उद्देश्य परिवारों से संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना है।

## मान केवल 'मुखौटा', पंजाब सरकार आप के 'खारिज किए गए नेता' चला रहे हैं: दिल्ली की मुख्यमंत्री




**चंडीगढ़ :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को आरोप लगाया कि पंजाब में उनके समकक्ष भगवंत मान केवल 'मुखौटा' हैं क्योंकि उनकी सरकार आम आदमी पार्टी (आप) के वे नेता चला रहे हैं जिन्हें राष्ट्रीय राजधानी की जनता ने 'खारिज' कर दिया है। मुख्यमंत्री लुधियाना पश्चिम सीट पर 19 जून को होने वाले उप-चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार जीवन गुप्ता के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए लुधियाना में थीं। इस दौरान गुप्ता ने संवाददाताओं से बातचीत में आप के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राज्य में नशे का खतरा व्याप्त है। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा कि आप के शासन में 'पंजाब को चिट्टा एक्सप्रेस में बदल दिया गया है'। गुप्ता ने कहा कि लुधियाना पश्चिम के लोग समझदारी से वोट करेंगे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार को विजयी बनाएंगे। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के साथ साथ पंजाब के लोगों से 'बड़े बड़े वादे' किए थे लेकिन अब वह उजागर हो चुके हैं। केजरीवाल आप के राष्ट्रीय संयोजक हैं। गुप्ता ने कहा, 'जो लोग बड़े-बड़े वादे करके दिल्ली से भाग गए थे वे अब पंजाब में बैठे हैं... मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि 'क्या हुआ तेरा वादा'।' उन्होंने कहा, 'केजरीवाल को जवाब देना चाहिए कि उन वादों का क्या हुआ। मैं भगवंत मान से नहीं पूछूंगी, क्योंकि वह केवल एक 'मुखौटा' हैं, यहां की सरकार दिल्ली से उनके नेताओं द्वारा चलाई जा रही है, जिन्हें वहां की जनता ने नकार दिया है।'

# आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों समेत सात की मौत

**प्रयागराज/संभल/बिजनौर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, संभल और बिजनौर जिलों में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से कुल सात लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रयागराज के यमुना नगर इलाके में कथित तौर पर आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि घटना शनिवार देर रात बारा तहसील के सोनवर्षा हल्लाबोर गांव में उस समय की है जब विरेंद्र वनवासी अपने परिवार के साथ छप्पर के नीचे सो रहे थे तभी आकाशीय बिजली गिरी। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह ने बताया कि झुलसने के कारण विरेंद्र, उनकी पत्नी पार्वती, बेटी राधा और बेटी करिश्मा की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सम्भल के गुन्नौर तहसील क्षेत्र में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से 18 वर्षीय युवती की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुन्नौर की उपजिलाधिकारी (एसडीएम) वंदना मिश्रा ने बताया कि आज सुबह क्षेत्र के गांव मोलनपुर डांडा में अतर सिंह अपने परिजनों के साथ खेत में काम कर रहे थे तभी आकाशीय बिजली गिरने से उनकी बेटी रत्नेश कुमारी (18) की मौत हो गई जबकि उनका बेटा राजेश (32) और पुत्रवधू किशनावती (28) घायल हो गई। मिश्रा के मुताबिक, दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि युवती का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एसडीएम ने कहा कि परिजनों को आपदा के तहत जल्द ही आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उधर, बिजनौर जिले में आकाशीय बिजली गिरने से खेत पर काम कर रहे दो लोगों की मौत हो गई।

## गरीब, किसान, युवा व महिला के उत्थान के लिए समर्पित है राज्य सरकार: मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार गरीब, किसान, युवा व महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का संकल्प 'गरीबी मुक्त राजस्थान' बनाना है। शर्मा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा (24 जून से नौ जुलाई) की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। आधिकारिक बयान के अनुसार, शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार चार जातियों -युवा, महिला, किसान और गरीब के उत्थान के लिए समर्पित होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अन्त्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में वंचितों को वरीयता देते हुए राज्य सरकार 24 जून से नौ जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा संचालित करने जा रही है और इसके माध्यम से व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार का संकल्प 'गरीबी मुक्त राजस्थान' बनाना है। इसी दिशा में हमारी सरकार ने 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना' शुरू की है, जिसके माध्यम से हम पहले चरण में पांच हजार गांवों में सभी 'बीपीएल' परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाएंगे। उन्होंने कहा कि पखवाड़े के दौरान जिला कलक्टर इन पांच हजार गांवों के अलावा अन्य गांवों में भी सर्वे का काम शुरू करें ताकि अधिक से अधिक लोगों को भी इस योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया जा सके।

# गाजियाबाद से रवाना हुआ कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था



**गाजियाबाद (उप्र) :** गाजियावाद से हर हर महादेव के जयघोष के साथ मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था रविवार को रवाना हुआ। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि पांच वर्षों के बाद फिर शुरू हुई यात्रा के लिए इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को भव्य आयोजन के बीच रवाना किया गया। इसके मुताबिक, इस जत्थे में दो अधिकारियों सहित कुल 39 यात्री शामिल हैं। शुरुआत में 46 यात्रियों का पंजीयन किया गया था, मगर स्वास्थ्य कारणों से कुछ यात्री शामिल नहीं हो सके। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, आचार्य प्रमोद कृष्णम, प्रमुख सचिव (धर्मार्थ कार्य एवं संस्कृति) मुकेश मेश्राम, जिलाधिकारी दीपक मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कैलाश यात्रा की रवानगी के अवसर पर विशेष शैव आराधना का आयोजन हुआ, जिसमें डमरू, मृदंग, तुरही, ढोलक आदि पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज ने शिवमय वातावरण बना दिया। उपस्थित यात्रियों और जनप्रतिनिधियों ने उत्साह के साथ हर हर महादेव का जयघोष किया। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन संस्कृति को पुनर्स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक प्रयास कर रहे हैं। बयान

## भूमाफिया को प्रश्रय देने वाला एक 'राजनीतिक गिरोह' है भाजपा : अखिलेश



लखनऊ : समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भूमाफिया को प्रश्रय देने वाला एक 'राजनीतिक गिरोह' होने का आरोप लगाते हुए रविवार को दावा किया कि राज्य सरकार के हर विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है। यादव ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए आरोप लगाया, भाजपा एक राजनीतिक गिरोह है। भाजपा में अपराधियों की भरमार है। वह भू माफियाओं को प्रश्रय देती है। भाजपा के लोग सरकारी और गरीबों की जमीनों पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश अराजकता की गिरफ्त में है। अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है। हर विभाग में भ्रष्टाचार है। हर कार्य में लूट चल रही है। भ्रष्टाचार, लूट और बेईमानी भाजपा सरकार की पहचान बन गयी है। आम जनता त्रस्त है। शिक्षा, स्वास्थ्य व बिजली कानून व्यवस्था सब बर्बाद हो चुकी है। यादव ने कहा, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग स्वदेशी को लेकर बड़ी-बड़ी बाते करते है। संघ प्रमुख केन्द्र सरकार को स्वदेशी अपनाने की बात क्यों नहीं कहते? आज देश का पूरा बाजार चीनी सामानों से पटा हुआ है। इसके लिए केन्द्र की भाजपा सरकार जिम्मेदार है। केन्द्र सरकार चीनी सामानों को रोककर स्वदेशी उत्पादों को अवसर क्यों नहीं दे रही है? केन्द्र सरकार की आर्थिक नीतियों की प्राथमिकता में स्वदेशी क्यों नहीं है? उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है और इसकी आर्थिक नीतियां पूरी तरह असफल है तथा भाजपा की कथनी करनी विरोधाभासी है और जनता भाजपा की सच्चाई जान चुकी है।

# अमेठी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत




**अमेठी (उप्र) :** अमेठी जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार तड़के एक पिकअप और एंबुलेंस की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख प्रकट किया है। पुलिस ने बताया कि घटना शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर उस समय हुई, जब हरियाणा से बिहार के समस्तीपुर शव ले जा रही एंबुलेंस ने कथित तौर पर आगे निकलने की कोशिश में एक पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। थाना प्रभारी अभिनेश कुमार ने बताया कि इस हादसे में एंबुलेंस में सवार पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे गौरीगंज के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान बिहार निवासी राजकुमार शर्मा उर्फ सतीश शर्मा, रवि शर्मा, फूलो शर्मा और हरियाणा निवासी सरफराज तथा आबिद के रूप में हुई है। घायल की पहचान बिहार निवासी शम्भू राय के रूप में हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एंबुलेंस, समस्तीपुर निवासी अशोक शर्मा के शव को हरियाणा से बिहार लेकर जा रही थी और वाहन में दो चालक एव चार परिजन सवार थे। एएसपी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को मार्ग से हटा दिया गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### बनारस स्टेशन पर मनमाना पार्किंग शुल्क वसूलने वाले का ठेका निरस्त, प्राथमिकी दर्ज

**वाराणसी (उप्र):** पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस स्टेशन पर मनमाने ढंग से पार्किंग शुल्क वसूल किये जाने की शिकायत का संज्ञान लेते हुए रेलवे प्रशासन ने प्लेटफॉर्म नंबर एक की पार्किंग का ठेका निरस्त कर दिया। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि मामले में ठेकेदार के कर्मचारियों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एक शख्स ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर आरोप लगाया था कि बनारस स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर आने वाले दोपहिया और चौपहिया वाहनों से प्रति घंटे 100 से 200 रुपये की वसूली की जा रही थी।

## पंजाब के लुधियाना में मादक पदार्थों के दो तस्करों की संपत्तियों को जमींदोज किया गया: अधिकारी

**चंडीगढ़ :** लुधियाना में अधिकारियों ने मादक पदार्थ गिरोहों पर नकेल कसते हुए रविवार को मादक पदार्थों के दो कुख्यात तस्करों की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया। एक बयान में यह जानकारी दी गयी। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस के सहयोग से नगर निगम लुधियाना द्वारा की गई। बयान के अनुसार, पंजाब के विशेष पुलिस महानिदेशक अर्पित शुक्ला ने बताया कि यह कार्रवाई मादक पदार्थ तस्करों को न केवल गिरफ्तार करने बल्कि अवैध तरीकों से अर्जित की गई संपत्तियों को भी कुर्क करने के लिए तेज किए गए अभियान का हिस्सा थी। उन्होंने बताया कि इन दो संपत्तियों को ध्वस्त किये जाने के साथ ही अब तक कुल 126 अवैध संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया गया है। प्रदेश में एक मार्च, 2025 से मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गयी थी। बयान के मुताबिक, पहले अभियान में लुधियाना के अमरपुरा की गली संख्या दो में गुरपाल नाम के कुख्यात तस्कर के घर को ध्वस्त किया गया। लुधियाना के पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा, पुलिस उपायुक्त हरपाल सिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-1 समीर वर्मा और सहायक नगर योजनाकार जोन-बी कुलजीत सिंह मंगत के नेतृत्व में भारी पुलिस बल की तैनाती में यह कार्रवाई की गई।

## न्यूज इन ब्रीफ

### महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 40 मामले सामने आए, पिछले 24 घंटों में एक व्यक्ति की मौत

**मुंबई :** महाराष्ट्र में रविवार को कोरोना वायरस के 40 मामले सामने आए जबकि पिछले 24 घंटों में वायरस से संक्रमित एक व्यक्ति की मौत हो गयी। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस वर्ष एक जनवरी से अब तक राज्य में कुल 2007 मामले सामने आए हैं, जबकि 28 लोगों की मृत्यु हुई है, जिनमें से 27 लोग अन्य बीमारियों से भी पीड़ित थे। अधिकारी ने बताया कि वर्धा जिले में 47 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। वह लीवर की बीमारी से भी पीड़ित था, जिसे सह-रुग्णता माना जाता है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि 40 नए मामलों में से 22 मुंबई से, 14 पुणे से, दो चंद्रपुर से और एक-एक वर्धा और नागपुर से हैं। उन्होंने बताया कि एक जनवरी से अब तक कोरोना वायरस के लिए कुल 21,456 नमूनों की जांच की गयी।

### तेलंगाना में गोदावरी नदी में पांच किशोरों की डूबने से मौत

**करीमनगर (तेलंगाना) :** बासर स्थित एक मंदिर जाने से पहले रविवार को गोदावरी नदी में स्नान कर रहे पांच किशोर डूब गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। भइंसा के सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अविनाश कुमार के अनुसार, हैदराबाद से लगभग 20 लोगों का एक समूह प्रसिद्ध ज्ञान सरस्वती मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए बासर गया था। उन्होंने बताया कि मंदिर जाने से पहले समूह के पांच किशोर स्नान के लिए नदी में उतरे। नदी का जल स्तर अचानक बढ़ गया, जिसके चलते पांच किशोर नदी की तेज धारा में बह गए। कुमार ने बताया कि बचाव दल ने शवों को बरामद कर लिया और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### रथ यात्रा के दौरान गैर सेवकों के रथ पर चढ़ने पर प्रतिबंध: ओडिशा के विधि मंत्री

**भुवनेश्वर :** ओडिशा सरकार इस साल पुरी में होने वाली रथ यात्रा के दौरान रथों पर चढ़ने वाले किसी भी गैर-सेवक के खिलाफ गिरफ्तारी सहित सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। राज्य के विधि मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने यह भी कहा कि रथों पर मोबाइल फोन के प्रयोग पर प्रतिबंध रहेगा। पत्रकारों से बातचीत में हरिचंदन ने कहा, ''किसी भी गैर-सेवक को रथों पर चढ़ने की अनुमति नहीं होगी। अगर ऐसा कोई व्यक्ति रथ पर पाया जाता है, तो गिरफ्तारी सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, सेवकों को रथों पर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी।'' देवताओं की 'पहंडी बिजे' (औपचारिक शोभायात्रा) के दौरान अनुष्ठानों को समय पर पूरा करने और अनुशासन बनाए रखने के लिए सरकार ने रथ यात्रा के दिन (27 जून) अनुष्ठान करने के लिए नामित सेवकों की एक सूची मांगी है। मंत्री ने कहा, ''अंतिम सूची का सख्ती से पालन किया जाएगा।'' इस बीच, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) योगेश बहादुर खुरानिया ने रथ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा उपायों की समीक्षा के लिए यहां एक बैठक की। डीजीपी ने कहा कि भुवनेश्वर के पास उत्तरा स्क्वायर को पुरी से जोड़ने वाली सड़क सीसीटीवी निगरानी में होगी और पुरी-कोणार्क रोड पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रयास जारी हैं।

### बद्रीनाथ धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार शौचालय से टकराई, एक की मौत, चार घायल

**पीलीभीत (उप्र) :** पीलीभीत जिले के माधोटांडा थाना क्षेत्र में रविवार को बद्रीनाथ धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं की अनियंत्रित कार के शौचालय में घुसने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। माधोटांडा थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अशोक पाल ने बताया कि माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर थाना क्षेत्र के गांव मल्लपुर में हुई इस दुर्घटना में लखीमपुर जनपद निवासी एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए और एक की मौत हो गई। उनके मुताबिक, सभी बद्रीनाथ धाम से दर्शन कर घर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि चालक को नींद की झपकी आने से गाड़ी अनियंत्रित होकर शौचालय से जा टकराई।

# धुबरी में देखते ही गोली मारने का आदेश सही, असम के खिलाफ हो रही 'बड़ी साजिश' : हिमंत

**डिब्रूगढ़ :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को धुबरी में जारी किए गए देखते ही गोली मारने के आदेश का बचाव करते हुए दावा किया कि आजादी के बाद से राज्य के खिलाफ एक ''बड़ी साजिश'' चल रही है और ऐसी साजिशों को खत्म करने में समय लगेगा। कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने धुबरी शहर में सांप्रदायिक तनाव को नियंत्रित करने के लिए देखते ही गोली मारने के आदेश जारी करने पर सरकार की आलोचना की है। मुख्यमंत्री ने एक आधिकारिक समारोह के बाद संवाददाताओं से कहा कि पुलिस ने धुबरी शहर में दीवारों पर आपत्तिजनक सामग्री लिखने के आरोपी व्यक्ति को



गिरफ्तार कर लिया है और फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा, '' हमने पहले ही कार्रवाई की है। असम एक महत्वपूर्ण राज्य है। मेरे चेतावनी जारी करने मात्र से लोग राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त होना बंद नहीं करेंगे। यह एक बड़ी साजिश का हिस्सा है जिसकी जड़ें आजादी के समय तक जाती हैं।'' शर्मा ने कड़े आदेश के नतीजे के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''इसलिए, यह सिर्फ चेतावनी से खत्म नहीं होगा। यह इतना आसान नहीं है। इसके लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता है और हमें इस पर काम करना जारी रखना चाहिए।'' उन्होंने शनिवार को कहा था कि धुबरी में 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यहां सांप्रदायिक तनाव के मद्देनजर उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश दिया गया था। विपक्ष ने मुख्यमंत्री के आदेश की आलोचना की थी और कहा था कि कथित 'बीफ' फेंकने के बाद हुई झड़प भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार की खुफिया विफलता को उजागर करती है। कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने कहा, ''यह पूरा प्रकरण गृह विभाग की विफलता को दर्शाता है। कोई खुफिया जानकारी क्यों नहीं थी? सरकार हमारे धार्मिक स्थलों की पवित्रता की रक्षा करने में विफल रही है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) असम के हर गांव में अपनी पैठ बढ़ा रहा है और समुदायों के बीच द्वेष पैदा करने की कोशिश कर रहा है।

## कर्नाटक के कई हिस्सों में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, जलभराव और भूस्खलन की घटनाएं

**बेंगलुरु/मेंगलुरु :** कर्नाटक के कई हिस्सों में रविवार को भारी बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। कई क्षेत्रों में जलभराव और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। तटीय कर्नाटक में मूसलाधार बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं, जबकि महाराष्ट्र में भारी बारिश के कारण यादगिर जिले में कृष्णा नदी उफान पर है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दक्षिण कन्नड़ जिले के विभिन्न हिस्सों में बीते 24 घंटों के दौरान 110 से 210 मिमी तक बारिश दर्ज की गई। जिले के मुख्यालय मेंगलुरु में 170 मिमी बारिश हुई, जबकि पनंबूर वेधशाला में 210 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। पड़ोसी उडुपी जिले में 50 मिमी बारिश हुई। तटीय कर्नाटक में भारी बारिश के चलते सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। मेंगलुरु शहर के




कई शहरी इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। मेंगलुरु तालुक में राष्ट्रीय राजमार्ग-169 के पास केत्तिकल्लू क्षेत्र में भूस्खलन की सूचना है। आईएमडी ने रविवार को दक्षिण कन्नड़, उडुपी, शिवमोग्गा, चिक्कमगलुरु और कोडगु जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी देते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है।

## पाला बदलने के लिए धन के जाल में न फंसे पार्टी कार्यकर्ता : उद्धव ठाकरे

**मुंबई :** शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे पाला बदलने के लिए पैसों के प्रलोभन में न आएं और मुंबई की खातिर एकजुट रहें। यह टिप्पणी महाराष्ट्र में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) समेत विभिन्न स्थानीय और नगर निकायों के चुनावों से पहले आई है। संभवत: इस वर्ष के आखिर में इन निकायों के चुनाव हो सकते हैं। जून 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विद्रोह होने के बाद शिवसेना विभाजित हो गयी थी, परिणामस्वरूप ठाकरे के नेतृत्व वाली तत्कालीन महा विकास अघाड़ी सरकार गिर गई। पार्टी के एक सूत्र ने बताया कि ठाकरे ने रविवार को मुंबई



में शिवसेना (उबाठा) शाखा प्रमुखों की बंद कमरे में हुई बैठक को संबोधित किया। सूत्र ने ठाकरे के हवाले से कहा कि शाखा प्रमुख और निचले स्तर के अन्य कार्यकर्ता पार्टी की मुख्य ताकत हैं तथा उनकी एकता एवं ताकत के कारण ही संगठन ने अतीत में मुंबई में चुनाव जीते हैं। सूत्र ने ठाकरे के हवाले से कहा, ''नगर निगम चुनाव के लिए एकता जरूरी है। आपको पाला बदलने के लिए पैसों की पेशकश की जा सकती है। कितने समय तक के लिए ये पैसे काफी होंगे? जो लोग उद्धव ठाकरे और शिवसेना को खत्म करना चाहते हैं, उनके दिमाग में सिर्फ धंधे का नजरिया है। वे मुंबई को बेचना चाहते हैं और इसे कॉरपोरेट को सौंपना चाहते हैं।''

## शनि शिंगणापुर मंदिर न्यास ने 114 मुस्लिम कर्मचारियों सहित 167 कर्मियों को किया बर्खास्त

**मुंबई :** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में स्थित शनि शिंगणापुर मंदिर न्यास ने अनुशासन का उल्लंघन करने और अनियमितताओं का हवाला देते हुए 167 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है, जिनमें 114 मुस्लिम कर्मी भी शामिल हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस प्रसिद्ध मंदिर का प्रबंधन करने वाले न्यास के एक अधिकारी ने बताया कि यह निर्णय पूरी तरह से प्रशासनिक आधार पर लिया गया है, क्योंकि इन कर्मचारियों को कुछ सेवा नियमों और अनुशासनात्मक मानदंडों का उल्लंघन करते पाया गया था। यह कदम, हाल ही में हिंदू संगठनों द्वारा मंदिर परिसर में मुस्लिम कर्मचारियों की मौजूदगी का विरोध करने के बाद उठाया गया है। इन संगठनों ने दावा



किया था कि वहां गैर-हिंदू कर्मचारियों को रखना अस्वीकार्य है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि हिंदू समुदाय ने चेतावनी दी थी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे 14 जून को मंदिर के बाहर एक बड़ा विरोध मार्च निकालेंगे। हालांकि, मंदिर न्यास ने कहा कि बर्खास्तगी धार्मिक पहचान के कारण नहीं की गई है, लेकिन बर्खास्त किये गए कर्मियों में बड़ी संख्या में मुस्लिम कर्मचारियों के शामिल होने से इस ओर ध्यान आकृष्ट हुआ है। शनि शिंगणापुर मंदिर अपनी परंपराओं और आस-पास के घरों में दरवाजे न होने के कारण जाना जाता है।

## दुनिया भर में 27.2 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या अब 27.2 करोड़ होने का अनुमान है, जो पिछले अनुमान से 2.1 करोड़ अधिक है। यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी टीम (जीईएम) ने यह



जानकारी दी। जीईएम ने अपनी हालिया रिपोर्ट में आशंका जतायी है कि 2025 के अंत तक देश अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों से पिछड़ सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, ''इस वृद्धि के दो कारण हैं। पहला, नए नामांकन और उपस्थिति के आंकड़ों में कमी। 2021 में अफगानिस्तान में माध्यमिक विद्यालय में लड़कियों के जाने पर प्रतिबंध भी इस वृद्धि में योगदान देता है।'' इसमें कहा गया, ''स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि का दूसरा कारण संयुक्त राष्ट्र के अद्यतन जनसंख्या अनुमान में बढ़ोत्तरी है जिससे ऐसे बच्चों की संख्या 1.3 करोड़ बढ़ गई।'' रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि संघर्षों के कारण स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या को संभवत: कम करके आंका गया हो क्योंकि संघर्षों के कारण आंकड़े एकत्र करने में बाधा उत्पन्न होती है।

## गृहमंत्री अमित शाह ने आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की। भारत की 16वीं जाति गणना जनगणना 2027 में की जाएगी, जिसकी संदर्भ तिथि लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में एक अक्टूबर, 2026 तथा देश के बाकी हिस्सों में एक मार्च, 2027 होगी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक जनगणना कराने की अधिसूचना सोमवार को सरकारी राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी। इसमें कहा गया कि गृह मंत्री ने यहां केंद्रीय गृह सचिव, भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार



नारायण और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की। जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण में 'हाउसलिस्टिंग ऑपरेशन' (एचए-लओ) के तहत प्रत्येक घर, संपत्ति और सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी। इसके बाद, दूसरे चरण यानी जनसंख्या आकलन (पीई) किया जाएगा जिसमें प्रत्येक घर के प्रत्येक व्यक्ति की गिनती, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्रित की जाएगी।

### सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों का कार चालक पर गोली चलाना आधिकारिक कर्तव्य नहीं माना जा सकता: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि सादे कपड़े में, किसी वाहन को घेरने और उसमें सवार लोगों पर संयुक्त रूप से गोलीबारी करने वाले पुलिसकर्मियों के आचरण को लोक व्यवस्था के तहत कर्तव्य पालन नहीं माना जा सकता। न्यायालय ने कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में पंजाब के नौ पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या के आरोपों को रद्द करने की याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) परमपाल सिंह पर लगाए गए साक्ष्य नष्ट करने के आर-ोप को भी बहाल कर दिया क्योंकि उन्होंने 2015 में गोलीबारी की घटना के बाद कार की नंबर प्लेट हटाने का निर्देश दिया था। इस घटना में एक चालक मारा गया था। अदालत ने कहा कि यह माना गया है कि आधिकारिक कर्तव्य की आड़ में न्याय को विफल करने के इरादे से किए गए कार्यों को शामिल नहीं किया जा सकता है। इसने कहा कि डीसीपी और अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ उनके कथित कृत्यों के लिए मुकदमा चलाने के लिए पूर्व मंजूरी की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने हाल ही में न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किये गए 29 अप्रैल के अपने आदेश में नौ पुलिस कर्मियों की अपीलों को खारिज कर दिया, जिसमें पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 20 मई 2019 के आदेश को चुनौती दी गई थी। उक्त आदेश में उनके खिलाफ मामला रद्द करने से इनकार कर दिया गया था।

### भारत में अवैध रूप से रह रहे म्यांमा के आठ नागरिकों को दो साल की सजा

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे की एक अदालत ने भारत में अवैध रूप से रह रहे म्यांमा के आठ नागरिकों को दो साल के कारावास की सजा सुनाई और यह अवधि पूरी होने के बाद उन्हें देश से निष्कासित करने का भी आदेश दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जी टी पवार ने 10 जून को सुनाए गए फैसले में कहा कि संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) द्वारा जारी किए गए शरणार्थी कार्ड भारत में रहने के लिए वैध नहीं माने जा सकते क्योंकि भारत ने 1951 की शरणार्थी संधि पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। फैसले की प्रति शनिवार को उपलब्ध हुई। अदालत ने आठों लोगों को विदेशी (नागरिक) अधिनियम, 1946 के तहत दोषी करार दिया और प्रत्येक पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। एक अन्य आरोपी रियाज अहमद अकबर अली शेख, जो भारतीय नागरिक है को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।

## मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर 269 करोड़ रु के कटे ई-चालान, सिर्फ नौ प्रतिशत जुर्माना हुआ वसूल

**मुंबई :** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर पिछले वर्ष 19 जुलाई को 'इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम' (आईटीएमएस) के सक्रिय होने के बाद से यातायात उल्लंघन के लिए 269.47 करोड़ रुपये के 17 लाख ई-चालान काटे गये लेकिन मार्च 2025 तक वसूली मात्र नौ प्रतिशत रही। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के दस्तावेजों के अनुसार, 1.51 लाख या 8.89 प्रतिशत ई-चालान का भुगतान कर दिया गया, जिससे 25.17 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है, जो भुगतान की जाने वाली कुल राशि का 9.33 प्रतिशत है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर एक आवेदन से मिली जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र सरकार ने पिछले वर्ष 19 जुलाई से 31 दिसंबर के बीच जारी किए गए 8.84 लाख ई-चालान के लिए आईटीएमएस ऑपरेटर को 57.94 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरटीसी) ने इस परियोजना का क्रियान्वयन किया है। इस एक्सप्रेसवे का निर्माण निगम ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीप-ीपी) मॉडल के तहत आरटीओ और राजमार्ग पुलिस के सहयोग से किया है। राज्य परिवहन विभाग ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इस परियोजना के लिए सड़क सुरक्षा कोष से 45 करोड़ रुपये की व्यवहार्यता अंतर निधि दी है।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना : प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया

**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव पी के मिश्रा ने रविवार को अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना स्थल और सिविल अस्पताल का भी दौरा किया, जहां घायलों का इलाज चल रहा है। राज्य सरकार के अधिकारियों ने मिश्रा को



घटनाक्रम से अवगत कराया। एअर इंडिया का विमान बृहस्पतिवार को लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरने के कुछ क्षण बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। मिश्रा ने घायलों का हालचाल जानने के बाद अस्पताल के मुर्दाघर पहुंचे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''मैं इस त्रासदी की गंभीरता से बहुत दुखी हूं। हर कोई दुखी है। पीड़ितों के दुख को साझा करना और अपनी भावनाएं व्यक्त करना हमारा कर्तव्य है।'' लंदन जा रहे एअर इंडिया के विमान बोइंग 787-8 (एआई 171) में यात्रियों और चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे, जिनमें से 241 की मौत हो गई। विमान में सवार लोगों में से केवल एक व्यक्ति ही दुर्घटना में बच पाया। घटना में मेडिकल कॉलेज के पांच छात्रों समेत 29 अन्य की भी मौत हो गई। बृहस्पतिवार को अपराह्न 1:39 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान मेघाणीनगर में एक मेडिकल कॉलेज के परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि अब तक 47 मृतकों की पहचान उनके परिजनों के डीएनए से मिलान के आधार पर कर ली गई है और 24 शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।

## शिवपुरी में 80 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे पुल का हिस्सा गिरा; 6 मजदूर घायल



**शिवपुरी (मप्र) :** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढह जाने से छह मजदूर घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार रात करीब 12 बजे पोहरी राजमार्ग पर एक बस स्टैंड और रेलवे लेवल क्रॉसिंग के पास हुई। अधिकारियों ने कहा, जो हिस्सा ढहा है, उसके नीचे कोई भी काम नहीं कर रहा था, इस कारण लोग हताहत नहीं हुए। छह घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वे पुल पर ढलाई का काम कर रहे थे। इसे 80 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग (एमपीपीडब्ल्यूडी) ने 'सुभम कंस्ट्रक्शन' नामक कंपनी को पुल निर्माण का ठेका दिया है। कंपनी के निर्माण गुणवत्ता नियंत्रण अधिकारी प्रवीण पांडे ने संवाददात-ाओं को बताया कि तकनीकी खराबी के कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा, निर्धारित सीमा से अधिक कंपन की वजह से यह हादसा हुआ। कोतवाली थाने के प्रभारी कृपाल सिंह राठौर ने बताया कि निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी किया गया है।

## जम्मू कश्मीर के पहलगाम में धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहा है पर्यटन

**पहलगाम (जम्मू कश्मीर) :** दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के करीब दो महीने बाद पर्यटन कारोबार धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है और ईद की छुट्टियों के बाद स्थानीय लोगों और पंजाब से कुछ लोगों ने चरवाहों की घाटी में आना शुरू कर दिया है। ईद के तीसरे दिन घाटी के अन्य भागों से बड़ी संख्या में कश्मीरी पहलगाम पहुंचे, जिससे यहां पर्यटन व्यापार से जुड़े लोग काफी खुशी हैं। यह पर्यटन स्थल श्रीनगर से 100 किलोमीटर दूर है। श्रीनगर के एक युवा नबील भट ने यहां 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हम हर साल पहलगाम जाते रहे हैं, भले ही वहां पर्यटकों की भीड़ हो या नहीं। इस साल भी कुछ अलग नहीं था। हालांकि, इस बार हमारा ज्यादा सत्कार किया गया। भट




पहलगाम के स्थानीय लोगों द्वारा पर्यटकों पर दिए जाने वाले विशेष ध्यान तथा अधिकांश सेवाओं की बेहद कम कीमतों का उल्लेख कर रहे थे। यहां से छह किलोमीटर दूर बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में पर्यटन गतिविधियां थम गयी थीं। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें 25 पर्यटक और एक स्थानीय सेवा प्रदाता शामिल था। श्रीनगर के सिविल लाइंस क्षेत्र की निवासी अलीना जान ने कहा, इस बार सेवा प्रदाता स्थानीय लोगों के प्रति अधिक मित्रवत हैं... पिछले वर्षों में ऐसा नहीं था, जब बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते थे। अधिकांश स्थानीय पर्यटक इस बात से खुश हैं कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहलगाम में पार्क खोलने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे इस स्थान पर अधिक लोग आकर्षित होंगे। एक 'टूरिस्ट हट' के मालिक मोहम्मद इशाक ने कहा, मौखिक प्रचार से बेहतर कोई विज्ञापन नहीं है....कश्मीर के विभिन्न हिस्सों से लोग ईद के तुरंत बाद यहां आना शुरू हो गए थे, लेकिन संख्या में ज्यादा वृद्धि नहीं हुई, क्योंकि सभी पार्क बंद होने के कारण उनके पास बैठने के लिए कोई जगह नहीं थी। हमें उम्मीद है कि अब इसमें बदलाव आएगा, क्योंकि उपराज्यपाल ने शनिवार को घोषणा की है कि पार्क फिर से खोले जाएंगे। इशाक ने कहा कि पिछले 10 दिनों में अन्य राज्यों से भी कुछ पर्यटक पहलगाम पहुंचे हैं।

## केंद्र ने वैज्ञानिक उपकरणों एवं अन्य वस्तुओं के खरीद नियमों में ढील दी

**नयी दिल्ली :** अनुसंधानकर्ताओं की ओर उठ रही मांगों के बीच सरकार ने रक्षा अनुसंधान संगठनों समेत विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों को वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद हेतु वित्तीय सीमा बढ़ा दी है तथा 'जीईएम' पोर्टल के अतिरिक्त अन्य स्रोतों से ऐसी खरीददारी करने की अनुमति प्रदान की है। मौजूदा वित्तीय नियमों के तहत 200 करोड़ रुपये से कम मूल्य के उपकरणों की खरीद सरकारी 'ई-मार्केटप्लेस (जीईएम)' पोर्टल और स्थानीय उत्पादकों से ही करना अनिवार्य किया गया है ताकि घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन मिले। लेकिन इन नियमों के कारण कई वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उच्च कोटि के कई अनुसंधान उपकरण जीईएम पोर्टल पर उपलब्ध नहीं होते हैं। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद उन संस्थानों में शामिल हैं, जिन्हें सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर) में बदलावों से लाभ मिलेगा क्योंकि इन बदलावों से पारंपरिक खरीद में आने वाली बाधाएं दूर कर दी गयी हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य उपलब्ध ढांचे के भीतर नवाचार को यथासंभव स्वतंत्रता देना है। उन्होंने कहा कि सरकारी खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जीईएम पोर्टल शुरू किया गया था, लेकिन अनुसंधानकर्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संभवत: तंत्र विकसित नहीं हो पाया है। सिंह ने यहां प्रेसवार्ता में कहा, ''जब हम वैश्विक भूमिका निभाने की ओर अग्रसर हैं, तो हमें वैश्विक मापदंडों का पालन करना होगा। हमारे मानक वैश्विक मानकों से संबंधित होने चाहिए।'' जीएफआर में विशेष प्रावधानों में संशोधन के अनुसार, विभिन्न अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के कुलपति और निदेशक अब अनुसंधान उद्देश्यों के लिए दो लाख रुपये तक के वैज्ञानिक उपकरण और उपभोग्य वस्तुएं बिना किसी 'कोटेशन' के खरीद सकेंगे, जबकि पहले यह सीमा एक लाख रुपये थी।

# मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई सुरक्षित और खुश रहे: गिल



**लंदन :** भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कभी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व करने का सपना नहीं देखा था लेकिन उन्होंने स्वयं के लिए ऐसी टीम संस्कृति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जहां हर खिलाड़ी 'सुरक्षित और खुश' रहे। बदलाव के दौर से गुजर रहा भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीमों के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाना है। गिल ने 'स्काईस्पोर्ट्स' से कहा, 'मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनना चाहता हूं इसलिए सभी ट्रॉफियों के बावजूद मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई बहुत सुरक्षित और खुश रहे।' लेकिन गिल जानते हैं कि यह काम कहना जितना आसान है, करना उतना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, 'मुझे पता है कि यह बहुत मुश्किल हो सकता है, विशेषकर सभी प्रतिस्पर्धा और जितने मैच हम खेलते हैं उसे देखते हुए, अलग-अलग टीम होती हैं। लेकिन अगर मैं ऐसा कर पाया तो मुझे लगता है कि यह मेरा लक्ष्य होगा।' गिल ने कहा, 'इसलिए एक सुरक्षित माहौल बनाए रखना और खिलाड़ी को उसकी क्षमताओं और योग्यताओं में सुरक्षित महसूस कराना मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है जो एक नेतृत्वकर्ता को करना चाहिए।' गिल ने माना कि सात मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा ने उनके लिए एक स्पष्ट रास्ता तय किया है। उन्होंने कहा, 'ऐसा लग सकता है कि वह आक्रामक नहीं है लेकिन रोहित अपनी रणनीति के मामले में बहुत आक्रामक हैं। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो मैचों से पहले, श्रृंखला के दौरान और श्रृंखला के बाद भी अपने संवाद में बहुत स्पष्ट रहते हैं कि वह खिलाड़ियों से क्या चाहते हैं।' गिल ने कहा कि वह अपने पूर्ववर्ती रोहित के रास्ते पर चलना चाहते हैं जिन्होंने हमेशा टीम को व्यक्तिगत खिलाड़ियों से आगे रखा। उन्होंने कहा, 'रोहित भाई ने जिस तरह का माहौल बनाए रखा, भले ही रोहित भाई आपको अपशब्द कह रहे हों, आप इसे अपने दिल पर नहीं लगाएंगे। यह उनका व्यक्तित्व है। मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छी विशेषता है।' गिल ने कहा, 'वह दृढ़ है लेकिन भले ही वह आप पर कठोर हो, आप जानते हैं कि यह उनके दिल से नहीं आ रहा है। यह टीम के नजरिए से आ रहा है।' पच्चीस वर्षीय गिल ने कहा कि उन्होंने रोहित के साथ टीम के भविष्य के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा,'यह एक ऐसी बातचीत है जो मैंने रोहित भाई के साथ कई बार की है कि आदर्श रूप से अगले पांच, सात या 10 या 15 वर्षों में हम भारतीय क्रिकेट टीम की संस्कृति को कहां देखना चाहेंगे?' गिल ने यह भी कहा कि उन्होंने विराट कोहली के नेतृत्व से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा, 'जब मैं विराट के नेतृत्व में खेला तो मुझे लगता है कि टेस्ट मैचों में क्षेत्ररक्षण या विचारों या उनकी सोच के साथ उनकी सक्रियता कुछ ऐसी थी जो मुझे पसंद थी और मैंने उसे अपनाया।

## पिच से स्पिनरों के लिए भी मदद मिलने की उम्मीद: कुलदीप



**बेकेनहैम :** अनुभवी रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम के मुख्य स्पिनर कुलदीप यादव से इंग्लैंड दौरे पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और यह वामहस्त स्पिनर 'इंट्रा स्क्वाड' अभ्यास मैच के दौरान पिच से मिली मदद से आत्मविश्वास से लबरेज है। कुलदीप बायें हाथ के एक अन्य स्पिनर (हरफनमौला) रविंद्र जडेजा के साथ अधिक समय बिता रहे हैं। अश्विन के संन्यास के बाद जडेजा पर अधिक जिम्मेदारी होगी क्योंकि उन्हें इंग्लैंड में 12 टेस्ट मैच खेलने का अनुभव है जबकि कुलदीप ने इस देश में एक टेस्ट में सिर्फ नौ ओवर गेंदबाजी की है।भारतीय टीम ने इंग्लैंड में 2007 के बाद कोई टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है और विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा करने के लिए टीम को कुलदीप के योगदान की जरूरत होगी। यह लीड्स में खेले जाने वाले शुरुआती मैच में शायद एकादश का हिस्सा ना हो लेकिन बर्मिंघम, लॉर्ड्स और ओवल के मैदानों पर कारगर साबित हो सकते हैं। कुलदीप ने 'इंट्रा स्क्वाड' अभ्यास मैच से इतर कहा, 'विकेट (पिच) स्पिनरों के लिए अच्छा हैं। यह बल्लेबाजी के लिए भी अच्छा है। पहले दिन थोड़ी नमी थी, तेज गेंदबाजों को मदद मिली लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, स्पिनरों ने मैच में अपना दबदबा बनाया।' इस कलाई के स्पिनर ने कहा कि उन्हें पांच मैचों की श्रृंखला के दौरान पिच से कुछ सहायता मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'इस पिच पर स्पिनरों के लिए उछाल है। आज तीसरा दिन है, मुझे अभी गेंदबाजी करनी है। गेंद थोड़ी टर्न ले रही है और मुझे उम्मीद है कि श्रृंखला के दौरान भी ऐसा ही होगा।' कानपुर के इस क्रिकेटर को ड्रेसिंग रूम में अश्विन की कमी खल रही है। वह उनके संन्यास के बाद जडेजा के साथ अधिक समय बिता रहे हैं। कुलदीप ने कहा, 'जड्डू भाई (जडेजा) के साथ खेलना सम्मान की बात है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम प्रो-लीग में ऑस्ट्रेलिया से 1-2 से हारी



**लंदन :** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंतिम मिनट में गोल खाकर 1-2 से हार गई। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की लगातार दूसरी हार है। टीम को इससे पहले शुक्रवार 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। वैष्णवी फाल्के के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम ने मैच के तीसरे मिनट में ही बढ़त कायम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने मैच के 37वें मिनट में एमी लॉटन के गोल से स्कोर बराबर कर लिया। मैच नियमित समय में बराबरी की तरफ बढ़ रहा लेकिन 60वें मिनट में लैक्सी पिकरिंग ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारतीय खेमे को हताश कर दिया। भारतीय टीम ने मैच के शुरुआती मिनट में ही ऑस्ट्रेलिया की रक्षापंक्ति पर दबाव बनाते हुए लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये। टीम ने इस दबाव को जारी रखते हुए तीसरे मिनट में बढ़त कायम कर ली। नवनीत कौर ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को चकमा देते हुए गेंद को शर्मिला देवी की तरफ ढकेला। शर्मिला ने उसे वैष्णवी की तरफ खेल दिया जिन्होंने उसे गोल पोस्ट की दिशा में मोड़ कर टीम का खाता खोल दिया।नवनीत के पास इस बढ़त को दोगुना करने का मौका था लेकिन वह लक्ष्य से चूक गई। ऑस्ट्रेलिया को भी शुरुआती क्वार्टर में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम उसे गोल में नहीं बदल पायी।

## अंडर-17 विश्व चैंपियन मानसी लाठेर ने जूनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए ट्रायल जीता

**नयी दिल्ली :** कैडेट विश्व चैंपियन मानसी लाठेर ने रविवार को महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में ट्रायल जीतकर किर्गिस्तान के बिश्केक में पांच से 13 जुलाई तक होने वाली अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की। इस साल मार्च में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मानसी ने फाइनल में दिल्ली की सृष्टि को हराया। पिछले महीने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज मंगोलिया ओपन में 59 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुस्कान ने यहां के इंदिरा गांधी स्टेडियम में इस भार वर्ग के ट्रायल को जीतकर चैंपियनशिप के लिए अपना टिकट पक्का किया। मुस्कान ने फाइनल में महाराष्ट्र की अश्लेषा कल्याण को पटखनी दी। मुस्कान नाम की एक अन्य पहलवान ने 65 किग्रा के ट्रायल के फाइनल में महाराष्ट्र की ही रोशनी को शिकस्त दी। चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाली अन्य महिला पहलवानों में श्रुति (50 किग्रा), सारिका (53 किग्रा), रीना (55 किग्रा), नेहर शर्मा (57 किग्रा), अंजलि (62 किग्रा), हर्षिता (72 किग्रा) और काजल (76 किग्रा) शामिल हैं। पुरुषों की फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन शैली के ट्रायल 14 जून को लखनऊ में आयोजित किये गये। फ्रीस्टाइल टीम: अंकुश (57 किग्रा), अनुज (61 किग्रा), अश्वनी (65 किग्रा), सौरभ (70 किग्रा), विवेक (74 किग्रा), अमित (79 किग्रा), सचिन (86 किग्रा), सचिन (92 किग्रा), विशाल (97 किग्रा) और जसपूरन (125 किग्रा)। ग्रीको रोमन: नितिन (55 किग्रा), सूरज (60 किग्रा), वरुण (63 किग्रा), योगेश (67 किग्रा), आकाश पुनिया (72 किग्रा), सचिन (77 किग्रा), प्रिंस (82 किग्रा), रोहित (87 किग्रा), नमन (97 किग्रा), और जोगिंदर राठी (130 किग्रा)।

## बीजिंग पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में भाग लेगी 16 सदस्यीय भारतीय टीम

**नयी दिल्ली :** भारत की 16 सदस्यीय टीम 17 से 25 जून तक बीजिंग में होने वाले 2025 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में भाग लेगी। इस टीम में जैनब खातून, सीमा रानी, झंडू कुमार, जॉबी मैथ्यू, मनीष कुमार और कस्तूरी दीपा खिलाड़ी शामिल हैं। इन सभी ने हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रभावित किया था। भारतीय टीम में शामिल 16 खिलाड़ियों में से सात महिलाएं हैं। खिलाड़ियों के लिए रविवार को भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की पूर्व अध्यक्ष दीपा मलिक, वर्तमान पीसीआई महासचिव जयवंत हमनवर और भारत पैरा पावरलिफ्टिंग के अध्यक्ष जेपी सिंह मौजूद थे।

## बीसीसीआई ने कर्मचारियों के दैनिक भत्ते में कटौती की, यात्रा नीति को सरल बनाया

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सभी विभागों के कर्मचारियों के दैनिक भत्तों का भुगतान अब बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों द्वारा घरेलू 'टूर्नामेंट भत्ता नीति' को सरल बनाने के बाद किया जाएगा। इन भत्तों का भुगतान जनवरी से नहीं किया गया है। बीसीसीआई की मौजूदा यात्रा नीति के अनुसार कर्मचारियों को छोटी अवधि की यात्रा (चार दिन तक) के लिए प्रतिदिन 15,000 रुपये और आमतौर पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) और भारत द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की प्रतियोगिताओं से संबंधित लंबी अवधि की यात्रा के लिए प्रतिदिन 10,000 रुपये का भुगतान किया जाता है। यात्रा के दौरान एकमुश्त आकस्मिक भत्ता 7500 रुपये था। संशोधित नीति के अनुसार आकस्मिक भत्ते को हटा दिया गया है और कर्मचारियों को अब यात्रा के दौरान प्रतिदिन 10,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा। आईपीएल का आयोजन दो महीने से कुछ अधिक समय तक होता है जबकि आईसीसी प्रतियोगिता भी कम से कम एक महीने तक चलती है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि स्रोत पर कर कटौती के बाद प्रतिदिन भत्ता 6500 रुपये होता है। चूंकि नीति में संशोधन किया जा रहा था इसलिए वित्त, संचालन और मीडिया विभाग सहित बीसीसीआई के कर्मचारियों को आईपीएल और डब्ल्यूपीएल के लिए उनके दैनिक भत्ते का भुगतान नहीं किया गया है लेकिन अब जब नीति तैयार हो गई है तो उनके बकाए का भुगतान जल्द ही किया जाना चाहिए।

## नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा में 50 मैदान विकसित करेगा सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन

**दंतेवाड़ा :** छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल प्रभावित जिले के ठप्पे को खत्म कर रहा है और स्थानीय प्रशासन की अनोखी पहल की बदौलत खेल केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है। प्रशासन की इस पहल को महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है। जिले में नक्सलियों का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है इसलिए प्रशासन ने मान देशी फाउंडेशन और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के साथ मिलकर 'मैदान कप' की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पीटीआई को बताया, 'इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।'' पिछले साल राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था। दुदावत ने कहा कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था।

## भारत को प्रो लीग में मिली लगातार छठी हार, ऑस्ट्रेलिया ने 2-3 से शिकस्त दी



**एंटवर्प (बेल्जियम) :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन जारी रहा और रविवार को उसे ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत पहले ही नीदरलैंड और अर्जेंटीना से मैच हार चुका है। यह सभी मुकाबले हालांकि करीबी रहे थे। अपना 400वां मैच खेलने वाले पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह अपनी टीम को प्रेरित करने में असफल रहे। भारत के लिए संजय (तीसरे मिनट) और दिलप्रीत सिंह (36वें मिनट) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए टिम ब्रैंड (चौथे), ब्लैक गोवर्स (पांचवें) और कूपर बर्न्स (18वें मिनट) ने गोल किए। भारत ने सकारात्मक शुरुआत करते हुए दबदबा बनाया और मैच के तीसरे मिनट में ही संजय के गोल से बढ़त हासिल कर ली। संजय ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर केरिबाउंड पर गोल किया। टीम की यह खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई क्योंकि एक मिनट के बाद ही ऑस्ट्रेलिया ने बराबरी का गोल दाग दिया। भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक टिम ब्रैंड के प्रयास को रोकने में नाकाम रहे। इसके एक मिनट (मैच के पांचवें मिनट) के बाद ही गोवर्स ने सर्कल के पास से गोल कर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया इसके बाद मैच



## ओएनजीसी के कुएं में तीन दिन बाद भी गैस रिसाव जारी, 70 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया

**शिवसागर :** असम के शिवसागर जिले में ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के एक कुएं में गैस का रिसाव चौथे दिन भी जारी रहा। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि 70 परिवारों को राहत शिविर में पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि ओएनजीसी के निदेशक (प्रौद्योगिकी एवं फील्ड सेवाएं) विक्रम सक्सेना के नेतृत्व में एक टीम ने शनिवार को कुआं संख्या आरडीएस 147 का परिचालन नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया, जहां रिसाव शुरू हुआ था। एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, कुएं को नष्ट करने की प्रक्रिया जारी है और हमने इसके लिए सभी आवश्यक उपकरण जुटा लिए हैं। संकट प्रबंधन दल (सीएमटी) रिसाव को नियंत्रित करने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि कुएं में अभी तक आग नहीं लगी है और इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। यह गैस रिसाव 12 जून को भाटियापार के बारीचुक में ओएनजीसी के रुद्रसागर तेल क्षेत्र के रिग नंबर एसकेपी 135 के कुआं नंबर आरडीएस 147ए में हुआ था। एक निजी फर्म एसके पेट्रो सर्विसेज, सार्वजनिक क्षेत्र की 'महारत्न' कंपनी की ओर से कुएं का संचालन कर रही थी। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस घटना से करीब 1,500 लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा, उन्हें गैस की गंध आ रही है और वे अपना चूल्हा या कुछ भी नहीं जला पा रहे हैं। हम उन्हें पका हुआ भोजन उपलब्ध करा रहे हैं और स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। जिला प्रशासन ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर कहा कि इस क्षेत्र से 70 परिवारों को निकटवर्ती बनगांव में स्थापित राहत शिविर में स्थानांतरित कर दिया गया है तथा उनकी सुविधा और खुशहाली सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। प्रशासन ने कहा, फिलहाल स्वास्थ्य विभाग और पशुपालन विभाग के चिकित्सक मौके पर मौजूद हैं। वे लोगों और उनके पालतू जानवरों की स्वास्थ्य स्थिति की जांच कर रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश के दशहरी आम का दुबई को पहला सीधा निर्यात



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत 1,200 किलोग्राम दशहरी आम (400 बक्से, प्रत्येक का वजन तीन किलोग्राम) हवाई मार्ग से दुबई भेजा गया है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक आयातक कंपनी वरग्रो ट्रेडिंग एल एल सी, दुबई, यूएई है और भेजे गए आम का कुल मूल्य 2,992 अमेरिकी डॉलर है, जो उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिला रहा है। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने खेप को दुबई के लिए हरी झंडी दिखाई। इन्डो-जर्मन एएमडी प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ क्षेत्र से चयनित तीन एफपीओ को कृषि निर्यात का प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता का विकास किया गया। इनमें से इरादा फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एवं मलिहाबाद फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को दुबई से दशहरी आम का सीधा ऑर्डर मिला है। यह दोनों एफपीओ इस वर्ष पहली बार स्वयं अपने स्तर पर दुबई को आम निर्यात कर रहे हैं। यह उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। दिनेश प्रताप सिंह ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश का आम निर्यात लगातार बढ़ रहा है। हमारा लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश के आम उत्पादक किसान वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत पहचान बनाएं।

## नेपाल ने भारतीय ग्रिड के जरिये बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली का निर्यात शुरू किया

**काठमांडू :** नेपाल ने भारतीय पारेषण लाइन के जरिये बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली का निर्यात शुरू कर दिया है। नेपाल, भारत और बांग्लादेश ने तीन अक्टूबर, 2024 को नेपाल द्वारा उत्पादित बिजली को भारतीय पारेषण लाइन के जरिये बांग्लादेश को निर्यात करने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। नेपाल के एक अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेश को बिजली का निर्यात शनिवार आधी रात से शुरू हो गया है। समझौते के मुताबिक, नेपाल 15 जून से 15 नवंबर तक 40 मेगावाट बिजली का निर्यात करेगा। यह बिजली भारत की 400 केवी की मुजफ्फरपुर-बहरामपुर-भेरामारा पारेषण लाइन के जरिये बांग्लादेश को भेजी जाएगी। पिछले साल, नेपाल ने समझौते को लागू करने के प्रतीक के तौर पर 15 नवंबर को एक दिन के लिए बांग्लादेश को बिजली का निर्यात किया था।

## न्यूज अपडेट

### विमान दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए एयर इंडिया टाटा समूह की दूसरी कंपनियों के संपर्क में

**मुंबई :** एयर इंडिया ने रविवार को कहा कि वह अहमदाबाद विमान दुर्घटना पीड़ितों के परिवारों को हर संभव मदद देने के लिए टाटा समूह की दूसरी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है। एयरलाइन ने एक बयान में यह भी कहा कि 400 से अधिक परिवारों के सदस्य अहमदाबाद पहुंच चुके हैं और मौके पर मौजूद कंपनी के लोग उनकी मदद कर रहे हैं। एयरलाइन ने कहा कि उसने सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के परिजनों/रिश्तेदारों से संपर्क कर लिया है और शवों तथा उनके निजी सामान परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया जारी है। एयर इंडिया ने कहा कि अहमदाबाद में हर प्रभावित परिवार को देखभाल के लिए कम से कम एक कार्यकर्ता दिया गया है। एयरलाइन ने कहा कि एयर इंडिया अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है और परिजनों के गुजरात से बाहर जाने और उनकी वापसी में मदद करेगी।

### वोल्टास के घरेलू उपकरण संयुक्त उद्यम वोल्टबेक का राजस्व 2024-25 में 39.5 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली :** वोल्टास और तुर्किये की कंपनी अर्सेलिक के संयुक्त उद्यम वोल्टबेक होम अप्लायंसेज ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने घाटे को कम करके 241.89 करोड़ रुपये कर दिया। इस दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व 39.5 प्रतिशत बढ़कर 2,235.53 करोड़ रुपये हो गया। टाटा समूह की फर्म की ताजा वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वोल्टबेक ने मात्रा के लिहाज से सालाना आधार पर 57 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि भी हासिल की। संयुक्त उद्यम ने मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में 1,602.87 करोड़ रुपये का परिचालन राजस्व दर्ज किया था, जबकि इस दौरान उसका घाटा 267.09 करोड़ रुपये रहा था। वोल्टास ने कहा, ''रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन में उल्लेखनीय बाजार हिस्सेदारी के साथ संयुक्त उद्यम वोल्टबेक बिक्री मात्रा में सालाना 56 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।''

### अदालत ने होंडा के जैसे यामाहा के ट्रेडमार्क को अस्वीकार करने के आदेश को खारिज किया

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने जापानी वाहन विनिर्माता कंपनी यामाहा को राहत देते हुए होंडा मोटर कंपनी द्वारा पहले से पंजीकृत ट्रेडमार्क के समान ट्रेडमार्क देने से इनकार करने के आदेश को खारिज कर दिया। न्यायालय ने 'ट्रेड मार्क' के पंजीयक को इस मुद्दे पर नए सिरे से निर्णय लेने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति मनीष पिताले की पीठ ने 13 जून को कहा कि दो ट्रेडमार्क - यामाहा के डब्ल्यूआर और होंडा के डब्ल्यूआर-वी के बारे में महज जानकारी से जनता के मन में भ्रम पैदा हो सकता है, लेकिन प्राधिकरण को इस मामले को असाधारण परिस्थितियों के रूप में लेना चाहिए था और यामाहा के आवेदन को खारिज करने से पहले जनता से आपत्तियां मांगने के लिए एक विज्ञापन जारी करना चाहिए था। अदालत ने कहा कि प्राधिकरण ने अपने आदेश में आवेदन को अस्वीकार करते समय यामाहा की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के दावे को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया और इस तथ्य को भी नहीं देखा कि कंपनी 1990 से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डब्ल्यूआर ट्रेडमार्क का उपयोग कर रही है। न्यायमूर्ति पिताले ने कहा कि प्राधिकरण एक 'विस्तृत और तर्कसंगत आदेश' पारित कर सकता था। यामाहा हत्सुडोकी काबुशिकी कैशा ने मई, 2021 में ट्रेडमार्क पंजीयकड़परीक्षक के उस आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था, जिसमें कंपनी के ट्रेडमार्क 'डब्ल्यूआर' के पंजीकरण के आवेदन को अस्वीकार कर दिया गया था। प्राधिकरण ने कहा था कि यामाहा के जिस ट्रेडमार्क के लिए पंजीकरण की मांग की गई थी, उसके और रजिस्टर में पहले से मौजूद इसी तरह के ट्रेडमार्क के बीच जनता के मन में भ्रम की संभावना थी। पंजीयक ने होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड के ट्रेडमार्क - डब्ल्यूआर-वी को एक ही श्रेणी में पंजीकृत एक विरोधाभासी चिह्न के रूप में उद्धृत किया था।

## एनएसई ने बिजली क्षेत्र में अदाणी ग्रीन एनर्जी को ईएसजी रेटिंग में शीर्ष स्थान दिया




**नयी दिल्ली :** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की एक इकाई एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड ने उपयोगिताओं/बिजली क्षेत्र में ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और गवर्नेंस) रेटिंग में पहला स्थान दिया है। इसके अलावा, एजीईएल, एनएसई में राजस्व के आधार पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों की ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पांच में से एक है। एनएसई ने सूचीबद्ध कंपनियों के लिए हाल ही में अपनी ईएसजी रेटिंग शुरू की है। एनएसई की रेटिंग रेशनलाइज के अनुसार, एजीईएल पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन संबंधी मानकों पर अच्छा प्रदर्शन करती है। पर्यावरण संबंधी पहल अच्छी तरह से एकीकृत हैं, सामाजिक रूप से जिम्मेदार प्रक्रियाओं और प्रभावी प्रशासन से समर्थित हैं। एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड के अनुसार, एजीईएल को 74 का प्रभावशाली ईएसजी स्कोर मिला, जो उपयोगिताओं और बिजली क्षेत्र में सबसे अधिक है। यह पर्यावरण अनुकूल प्रक्रियाओं के प्रति एजीईएल की प्रतिबद्धता और पर्यावरण, सामाजिक और गवर्नेंस मानकों को बनाए रखने के इसके निरंतर प्रयासों को रेखांकित करता है। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में प्रशासन और पर्यावरण अनुकूलता के प्रति एजीईएल के समर्पण का जिक्र करते हुए कहा, हमारा गवर्नेंस वैश्विक मानकों का है, और हमारे अनुपालन ढांचे मजबूत हैं और इनसे किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता हैं।

## गोवा के टैक्सी बेड़े में एक-तिहाई ऐप आधारित मंच पर पंजीकृत

**पणजी :** गोवा में चलने वाली तीन में से एक टैक्सी स्थानीय ऐप-आधारित मंच पर पंजीकृत है। इनमें से ज्यादातर गाड़ियों का इस्तेमाल पर्यटकों के लिए होता है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने हाल में घोषणा की है कि उनकी सरकार गोवा के बाहर से कैब परिचालकों को अनुमति नहीं देगी। इससे स्थानीय ऐप-आधारित परिवहन मंच की उम्मीदें बढ़ गई हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य में चलने वाली कुल 12,000 पर्यटक टैक्सी में से 5,000 ऐप-आधारित मंच पर हैं। इनमें से ज्यादातर दो कंपनियों-गोवा माइल्स और गोवा टैक्सी ऐप के तहत दौड़ रही हैं। गोवा माइल्स के मंच पर अकेले 4,000 से अधिक टैक्सी का बेड़ा है। गोवा परिवहन परिचालक दिशानिर्देश- 2025 को लेकर स्थानीय पर्यटक टैक्सी चालकों की आशंकाओं को दूर करते हुए मुख्यमंत्री सावंत ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में बाहर के टैक्सी एग्रीगेटर्स को अनुमति नहीं दी जाएगी।इस बारे में दिशानिर्देश का मसौदा 20 मई को जारी किया गया था। सुझाव देने और आपत्तियां दर्ज करने की अंतिम तिथि 30 जून है। गोवा माइल्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) उत्कर्ष दभाड़े ने पीटीआई-भाषा को बताया कि उनकी सेवा, जो गोवा पर्यटन विकास निगम से संबद्ध है, सात साल पहले शुरू की गई थी।उन्होंने कहा, ''ऐप-आधारित सेवा की शुरुआत के बाद से हमें पर्यटकों और स्थानीय लोगों से समान रूप से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। दभाड़े ने कहा कि औसतन, गोवा माइल्स का बेड़ा प्रतिदिन 15,000 यात्रियों को यात्रा की सुविधा देता है। इनमें से 85 प्रतिशत पर्यटक और 15 प्रतिशत स्थानीय यात्री होते हैं।

## टाटा स्टील का 10-15 साल में पुनर्चक्रण से 1.5 करोड़ टन उत्पादन करने का लक्ष्य: सीईओ




**नयी दिल्ली :** टाटा स्टील का लक्ष्य अगले 10-15 साल में पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) से 1-1.5 करोड़ टन का उत्पादन करने का है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने यह जानकारी दी। कंपनी भारत और यूरोप में कम कार्बन उत्सर्जन के साथ इस्पात बनाने की प्रौद्योगिकी लागू कर रही है। टाटा स्टील ने वित्त वर्ष 2024-25 में भारत, ब्रिटेन, नीदरलैंड और थाइलैंड में फैली अपनी कुल 3.5 करोड़ टन क्षमता से 3.09 करोड़ टन इस्पात का उत्पादन किया। टाटा स्टील के लिए टिकाऊ व्यवहार के बारे में पूछने पर नरेंद्रन ने कहा, ''अगले 10-15 वर्षों में आप देखेंगे कि टाटा स्टील का 1-1.5 करोड़ टन उत्पादन पुनर्चक्रण से होगा।' कंपनी का लक्ष्य भारत में 2030 तक अपनी इस्पात बनाने की क्षमता को चार करोड़ टन तक बढ़ाना है। टाटा स्टील ब्रिटेन के साउथ वेल्स में स्थित अपने 30 लाख टन सालाना (एमटीपीए) क्षमता वाले संयंत्र में ब्लास्ट फर्नेस स्टील बनाने से स्क्रैप-आधारित इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) बनाने की ओर आगे बढ़ रही है। नरेंद्रन ने आगे कहा कि टाटा स्टील ने कुछ साल पहले दिल्ली के पास एक पुनर्चक्रण संयंत्र स्थापित किया है। लुधियाना में स्थापित की जा रही 7.5 लाख टन की पुनर्चक्रण आधारित इस्पात विनिर्माण इकाई चालू वित्त वर्ष के अंत तक तैयार हो जाएगी।

वर्ष 10, पूर्णांक 3268 अंक 078, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in